हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

मैच के दौरान 2 पीस कचौरी 50 रुपए सबसे सस्ता, बिरयानी 150, चिप्स और आइसक्रीम एमआरपी में मिलेगी

मैच के लिए कुल 46 हजार टिकट बेचे जाएंगे 1500 स्टूडेंट्स के लिए



# भारत-साउथ अफ्रीका वनडे के लिए टिकट के रेट तय, मैच देखने 800 से 20000 तक करने होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लगातार

शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच सीरीज का दूसरा वनडे मैच 2025 में खेला जाएगा, जिसे लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। दर्शकों को इस मुकाबले का ऑनलाइन टिकट 22 नवंबर से शाम 5 बजे से www.ticketgini.in पर उपलब्ध होगा। हालांकि, इस बार भी ऑनलाइन बुकिंग के बाद दर्शकों को फिजिकल टिकट लेने के लिए इंडोर ▶▶|शेष पेज 6 पर




### इंडोर स्टेडियम में 8 काउंटर से मिलेगा फिजिकल टिकट

ऑनलाइन टिकट बुकिंग के बाद दर्शकों को फिजिकल टिकट लेने के लिए इंडोर स्टेडियम आना होगा। यहां बारकोड स्कैन कर 1 से 2 मिनट में टिकट उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि लोगों का समय बर्बाद न हो। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि पिछली बार की भीड़ और असुविधा को देखते ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चुनिंदा दिव्यांग देखेंगे फ्री मैच

3 दिसंबर को विश्व दिव्यांग दिवस भी मनाया जाता है और इसी अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने निर्णय लिया है कि संघ दिव्यांग बच्चों को मैच मुफ्त में दिखाएगा और उनके आने-जाने के लिए बस की सुविधा भी प्रदान करेगा। दिव्यांग संस्था से चर्चा चल रही है। इसमें दिव्यांग खिलाड़ी को भी शामिल किया जाएगा।

### दोपहर 1:30 से शुरू होगा मैच

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज 30 नवंबर से शुरू होगी। तीन मैचों की इस सीरीज का दूसरा मैच 03 दिसंबर को मुकाबला रायपुर में खेला जाएगा, जिसकी शुरुआत दोपहर 1:30 बजे से होगी। हालांकि टॉस दोपहर 1 बजे होगा। इससे पहले 2023 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला वनडे खेला गया था। 2024 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 मुकाबला आयोजित हुआ था। 3 दिसंबर का मैच छत्तीसगढ़ में तीसरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट आयोजन बन जाएगा।

### मैच के दौरान समोसा 60 में, खाने-पीने के दाम तय

मैच के दौरान दर्शकों को पीने के पानी और नाश्ते को लेकर इस बार राहत मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने जानकारी दी है कि इस बार स्टेडियम में पीने के पानी की बेहतर व्यवस्था की गई है, जिससे हजारों दर्शकों को भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं, खाने-पीने की चीजों के दाम पहले से निर्धारित कर दिए गए हैं। समोसा (2 पीस) 60 रुपये, पेटिस 50 रुपये, कचौरी (2 पीस) 50 रुपये, बर्गर 80 रुपये, सैंडविच 60 ▶▶|शेष पेज 6 पर

### आम दर्शकों के लिए स्टैंड टिकट

1500 रुपए
2500 रुपए
3000 रुपए
3500 रुपए

**प्रीमियम कैटेगरी**

सिल्वर: 6000 रुपए
गोल्ड: 8000 रुपए
प्लैटिनम: 10,000 रुपए, कॉरपोरेट
बॉक्स: 20,000 रुपए

आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹91457/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹111700/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹121931/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
aNaND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
B.PHARMACY
ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि
16-11-25 से 25-11-25 तक
श्री रावतपुरा सरकार
इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी
7222910441
श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स
7222910430/72

### अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने छात्रों की हत्या का माना दोषी

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को मौत की सजा, जल उठा ढाका



एक महीने तक चले आंदोलन में 1400 प्रदर्शनकारियों की हुई थी मौत

पूर्व गृहमंत्री को भी फांसी की सजा, पूर्व पुलिस प्रमुख को 5 साल की कैद

बांग्लादेश की एक विशेष न्यायाधिकरण ने सोमवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल को मौत की सजा दी। यह सजा उन्हें 2024 के जुलाई-अगस्त के बीच हुए छात्र आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए दी गई है। इस केस के तीसरे आरोपी और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को सिर्फ 5 साल की जेल हुई।

एजेंसी ▶▶| ढाका

महीनों तक चले मुकदमे के बाद अपने फैसले में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने 78 वर्षीय अवामी लीग नेता को हिंसक दमन का मास्टरमाइंड और प्रमुख सूत्रधार बताया, जिसमें सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। पिछले वर्ष पांच अगस्त को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के कारण बांग्लादेश से भागने के बाद से हसीना भारत में रह रही हैं। इससे पहले अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित किया था। अपनी प्रतिक्रिया में हसीना ने कहा कि यह फैसला एक गैरअधिकृत न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। उन्होंने एक बयान में कहा, वे पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित हैं। मृत्युदंड की अपनी घृणित मांग में, वे अंतरिम सरकार के भीतर चरमपंथी लोगों के निर्लज्ज और जानलेवा इरादे को उजागर करते हैं, जो बांग्लादेश की अंतिम निर्वाचित प्रधानमंत्री को ▶▶|शेष पेज 6 पर

### इन पांच मामलों में शेख हसीना दोषी

1. छात्र आंदोलन के दौरान हत्याओं का आदेश देना
2. भड़काऊ भाषण देकर हिंसा कराना
3. न्याय में बाधा डालना/ सबूत मिटाने की कोशिश
4. छात्र अबु सईद की हत्या का आदेश देना.
5. चांखारपुल में 5 लोगों की हत्या कराना और उनकी लाशें जलाना

शेख हसीना पहले, दूसरे और तीसरे केस में दोषी पाई गई हैं



**फैसले के बाद भड़की हिंसा**

अदालत के फैसले बाद ढाका में हिंसा भड़क उठी है। इसको लेकर यूनुस सरकार ऐक्शन में है और विभिन्न जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बांग्लादेश में सुरक्षा एजेंसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पिता और देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के राजधानी ढाका स्थित मकान को सोमवार को ध्वस्त करने की कोशिश कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। ढाका में मीरपुर रोड और आसपास के इलाकों में यातायात स्थगित कर दिया गया।

### जिस कोर्ट को बनाया उसी ने दी सजा

*हसीना को मौत की सजा सुनाने वाले इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल की स्थापना उन्होंने ही की थी। इस कोर्ट को 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान हुए वॉर क्राइम्स और नरसंहार जैसे मामलों की जांच और सजा के लिए 2010 में बनाया गया था।*

### तीन दोषी अभी कहां हैं?

*शेख हसीना फिलहाल भारत में निर्वासन (एक्साइल) में रह रही हैं। उन्होंने अदालत के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है। वहीं असदुज्जमान खान भी फरार हैं, लेकिन अल-मामून इस वक्त जेल में हैं।*

### हसीना बोलीं- पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित

*कोर्ट के फैसले के बाद पूर्व पीएम शेख हसीना ने पहली प्रतिक्रिया दी है। हसीना ने फैसले को पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित बताया है। शेख हसीना के बेटे ने पहले ही उन्हें मौत की सजा सुनाए जाने का अंदेशा जताया था और वो सच साबित हो गया।*

### बांग्लादेश ने की अपील शेख हसीना को वापस करो

बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले में फरार आरोपियों शेख हसीना और असदुज्ज़मान खान कमाल को जुलाई हत्याकांड में दोषी मानकर मौत की सजा सुनाई है। अब बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इन दो लोगों को किसी भी दूसरे देश की ओर से शरण देना बेहद गलत और न्याय का अपमान माना जाएगा।

### भारत-बांग्लादेश के बीच प्रत्यपर्ण संधि?

भारत-बांग्लादेश प्रत्यर्पण संधि दोनों देशों के बीच अपराधियों को एक-दूसरे के हवाले करने की कानूनी व्यवस्था है। यह संधि 2013 में लागू हुई और इसका उद्देश्य है कि गंभीर अपराध करने वाले आरोपी किसी भी देश में भागकर बच न सकें। संधि के तहत हत्या, अपहरण, आतंकवाद, हथियारों की तस्करी, मानव तस्करी, वित्तीय अपराध सहित अधिकांश गंभीर अपराधों में प्रत्यर्पण किया जा सकता है। भारत-बांग्लादेश की प्रत्यर्पण संधि में कुछ ऐसे प्रावधान हैं।

### अपील के लिए मिले 30 दिन

इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल के फैसले के बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री असदुज्जमान को 30 दिनों के भीतर अपील करने का अधिकार दिया गया है। यह अपील बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के अपील डिवीजन में दाखिल करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट को 60 दिनों के भीतर इस अपील पर फैसला देना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### तीर्थयात्रा शुरू सबरीमला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**सबरीमला।** मलयालम माह 'वृश्चिकम' के प्रथम दिन सोमवार को सैकड़ों श्रद्धालु यहां स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। यह महीना वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कु तीर्थयात्रा सत्र की शुरुआत का प्रतीक है। पारंपरिक रूप से काले परिधान पहने और सिर पर 'इरुमुदिकेट्टू' (पवित्र गठरी) लिए तीर्थयात्री भगवान अयप्पा की पूजा-अर्चना के लिए घंटों कतार में खड़े रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से तीन युवकों की मौत

**पुणे।** पुणे में रेल पटरियों पर संदिग्ध रूप से कुछ शरारत कर रहे तीन युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना रविवार रात को पुणे शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित मंजरी इलाके में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 18 से 20 साल की उम्र के पांच-छह युवक रेल पटरियों पर टहल रहे थे।

### जीवाणु संक्रमण से 31 काले हिरणों की मौत

**बेलगावी।** कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने सोमवार को बताया कि यहां एक चिड़ियाघर में जीवाणु संक्रमण के कारण मात्र चार दिनों में ही 31 काले हिरणों की मौत हो गई। इस घटना के कारण कित्तूर रानी चेन्नम्मा चिड़ियाघर में काले हिरणों की संख्या घटकर सात रह गई है।

## पंचायत सचिव से 30 हजार रिश्वत लेते सब इंजीनियर को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पंचायत सचिव से पुल निर्माण का भुगतान करने के एवज में 30 हजार की रिश्वत लेते सब इंजीनियर को एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ लिया है। मामला सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिरउवाड़ा का है। जानकारी के मुताबिक एसीबी की टीम ने छिंदगढ़ ब्लॉक मुख्यालय में स्थित सब इंजीनियर प्रदीप बघेल के घर दबिश दी और उसे 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। ▶▶|शेष पेज 6 पर

### मांगी थी 5 परसेंट रिश्वत

बताया जा रहा है कि सब इंजीनियर छिंदगढ़ ब्लॉक के चिरउवाडा पंचायत में पुलिया निर्माण से संबंधित भुगतान के लिए 5 परसेंट की रिश्वत मांग रहे थे। इसे लेकर संबंधित चिउड़वाड़ा पंचायत सचिव लंबे समय से सब इंजीनियर प्रदीप बघेल के चक्कर काट रहे थे। सब इंजीनियर ने बिना पैसे लिए चेक काटने से मना कर दिया था। जैसे ही शिकायतकर्ता ने तय राशि सब ▶▶|शेष पेज 6 पर

25 साल की संसदीय यात्रा पर रहेगा केंद्रित

## पुराने विधानसभा भवन में आज एक दिन का विशेष सत्र




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का विशेष सत्र मंगलवार को पुराने विधानसभा भवन में होगा। विधानसभा सचिवालय ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सत्र ऐतिहासिक इसलिए माना जा रहा है, क्योंकि यह पुराने विधानसभा भवन में आयोजित होने वाला आखिरी सत्र होगा। आगामी शीतकालीन सत्र नवा रायपुर के नए विधानसभा भवन में होगा। यह विशेष सत्र राज्य की 25 साल की संसदीय यात्रा पर केंद्रित रहेगा। सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ की राजनीतिक, सामाजिक और विकास यात्रा पर चर्चा की जाएगी। साथ ही उन नीतिगत फैसलों को भी याद किया जाएगा, जिन्होंने राज्य को आज के स्वरूप में पहुंचाया। यह सत्र न केवल बीते वर्षों की उपलब्धियों का मूल्यांकन होगा, बल्कि आने वाले समय के लिए नए संकल्पों का प्रतीक भी बनेगा।

### राजनीतिक यात्राओं को देखा

साल 2000 में राज्य गठन के बाद से रायपुर स्थित पुराना विधानसभा भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का केंद्र रहा है। यहां पहली बार राज्य की नीतियां बनीं, बजट पेश हुए और बड़े फैसले लिए गए। बीते 25 वर्षों में इस भवन ने कई मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्षों और सैकड़ों विधायकों की राजनीतिक यात्रा को सहेजा है।

### आधुनिक सुविधाओं से लैस नया भवन

नवा रायपुर में तैयार नया विधानसभा भवन आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जहां डिजिटल संसदीय कार्यप्रणाली, पेपरलेस और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणाली होगी। विधानसभा का यह विशेष सत्र केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक यात्रा के 25 गौरवशाली वर्षों को याद करने का एक भावनात्मक क्षण होगा, जहां से राज्य ने अपनी पहचान, नीति और दिशा तय की थी।

## बीएएमएस आयुष मंत्रालय की डिग्री विश्व में आयुर्वेद का हो रहा विस्तार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि में प्रकाशित समाचार की हेडिंग में ऐसा आभास हुआ कि बीएएमएस चिकित्सकों को झोलाछाप लिखा गया है। हालांकि प्रकाशित समाचार में स्पष्ट है कि आयुर्वेद विधा और आयुर्वेद चिकित्सकों के लिए झोलाछाप शब्द का उपयोग नहीं किया गया है। यह सर्वविदित है कि आयुर्वेद भारत की मूल एवं चिकित्सा की मान्यता प्राप्त विधा है। बीएएमएस चिकित्सक पूर्णतः प्रशिक्षित होते हैं। हेडिंग में बीएएमएस के साथ जुड़े झोलाछाप शब्द को लेकर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े छात्रों, शिक्षकों और चिकित्सकों ने आपत्ति की है। छत्तीसगढ़ आयुर्वेद महाविद्यालयीन शिक्षक संघ, रजिस्ट्रार, छग आयुर्वेद, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद, रायपुर और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ऑफ आयुर्वेद सहित कई संगठनों ने इस संदर्भ में अपना मत रखा है। हमें ज्ञात है कि बीएएमएस एक वैधानिक पाठ्यक्रम, 5 साल 6 महीने की स्नातक डिग्री है। इसे भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अंतर्गत नेशनल कमिशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के अंतर्गत ▶▶|शेष पेज 6 पर

राज्यपाल को भेजा पत्र, जताया आभार

## हाईकोर्ट के महाधिवक्ता भारत ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने सोमवार शाम अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है। उन्होंने राज्यपाल को प्रेषित अपने इस्तीफे में उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कल्याणकारी राज्य के हितों की रक्षा के में सहयोग देने लिए प्रशासनिक टीम का आभार व्यक्त किया है। अपने इस्तीफे में श्री भारत ने कहा है कि मुझे महाधिवक्ता कार्यालय के अपने सहयोगियों और बार के सदस्यों से पूर्ण सहयोग मिला। इसके साथ उन्होंने महामहिम राज्यपाल का, जिन्होंने राज्य के प्रथम विधि अधिकारी के रूप में सेवा करने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का, महाधिवक्ता के पद पर नियुक्ति की अनुशंसा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### जगदलपुर के रहवासी

प्रफुल्ल एन भारत जगदलपुर के रहने वाले हैं। वकालत की डिग्री लेने के बाद उन्होंने जबलपुर हाईकोर्ट से प्रैक्टिस शुरु की। पांच साल तक जबलपुर हाईकोर्ट में वकालत के बाद जब छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई और यहां हाईकोर्ट खुला, तो वे यहां आ गए। बिलासपुर में रहकर वे महाधिवक्ता रविंद्र श्रीवास्तव के कार्यकाल में पहले पैनल लायर रहे। फिर अतिरिक्त महाधिवक्ता के रुप में भी काम किया। 2014 में जब सुनील कुमार सिन्हा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस रहे, तब वे अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर कार्य कर रहे थे।

### अमेरिका से 22 लाख टन एलपीजी इंपोर्ट करेगा भारत

## भारत-अमेरिका में डील, रसोई गैस सिलेंडर होंगे सस्ते!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय पेट्रोलियम कंपनियों ने वर्ष 2026 में अमेरिका से तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) आयात करने के लिए एक वर्ष का समझौता किया है। इस कदम को अमेरिका के साथ भारत के व्यापार अधिशेष को कम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। यह मुद्दा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा है और इसी कारण उन्होंने अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

### क्यों इतनी अहम है यह डील?


*यह समझौता ऐसे समय में हुआ है, जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि 2025 के अंत तक नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच एक व्यापक व्यापार समझौता होने की संभावना है। इस व्यापार समझौते के तहत, डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन रूसी एनर्जी प्रोडक्ट्स की खरीद के लिए भारतीय निर्यात पर लगाए गए 25% एडिशनल टैरिफ को हटा सकता है।*



### पेट्रोलियम मंत्री बोले- ऐतिहासिक शुरुआत

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पर इस एलपीजी समझौते की घोषणा की। उन्होंने कहा, ऐतिहासिक शुरुआत! दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते एलपीजी बाजारों में से एक अब अमेरिका के लिए खुल रहा है। सुरक्षित और सस्ती एलपीजी उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों के तहत हम एलपीजी आपूर्ति स्रोतों में विविधता ला रहे हैं।

### इधर, ट्रंप ने फिर दी धमकी



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि जो भी देश रूस के साथ व्यापार करेगा, उस पर 'बहुत कड़ी पाबंदियां' लगाई जाएंगी। ट्रंप ने कहा कि उनका प्रशासन और रिपब्लिकन सांसद मॉस्को को निशाना बनाने वाले कड़े कानून पर आगे बढ़ रहे हैं। रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में ट्रंप से पूछा गया कि क्या रूस और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालने के लिए कांग्रेस द्वारा उपाय लागू करने का समय आ गया है, इस पर उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि वे ऐसा कर रहे हैं और यह ठीक है।

### जाली पैन कार्ड मामले में फैसला

## सपा नेता आजम, बेटे अब्दुल्ला को सात-सात साल की कैद

एजेंसी ▶▶| रामपुर



रामपुर की एक स्थानीय अदालत ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खान और उनके बेटे एवं अब्दुल्ला आजम को चुनाव लड़ने के लिए जाली पैन कार्ड बनवाने के मामले में दोषी करार देते हुए सात-सात साल कैद की सजा सुनाई। विशेष सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसवाल ने दोनों को दोषी ठहराते हुए सात-सात साल कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

### 55 दिन ही खुली हवा में रह पाए आजम

आजम खान को इससे पहले 23 सितंबर 2025 को जमानत पर जेल से रिहा किया गया था। आजम खान केवल 55 दिन ही खुली हवा में रह पाए।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर में सामाजिक-आर्थिक बदलाव के नए अध्याय की शुरूआत करते हुए आज जगदलपुर में पंडुम कैफे का शुभारंभ किया। यह कैफे नक्सली हिंसा के पीड़ितों और समर्पण कर चुके सदस्यों के पुनर्वास हेतु सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटने वालों को सम्मानजनक और स्थायी आजीविका प्रदान करने की दिशा में मजबूत कदम है। यह अनूठी पहल संघर्ष से सहयोग तक के प्रेरणादायक सफर को दर्शाती है। पंडुम कैफे पुलिस लाइन परिसर में स्थित है।

# बारूद की जगह परोसी कॉफी, सीएम ने कहा-ये परिवर्तन सकारात्मक

## जगदलपुर में पंडुम कैफे का शुभारंभ, अपनी मेहनत की कमाई से जीना यह एहसास हमें शांति और सम्मान दे रहाः समर्पित नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री ने पंडुम कैफे में कार्यरत नारायणपुर की फगनी, सुकमा की पुष्पा ठाकुर, बीरेंद्र ठाकुर, बस्तर की आशमती और प्रेमिला बघेल के साथ बातचीत की। उन्होंने नई शुरूआत के लिए उनका हौसला बढ़ाया और पंडुम कैफे के बेहतर संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडुम कैफे का शुभारंभ बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन का एक प्रेरक प्रतीक है। पंडुम कैफे आशा, प्रगति और शांति का उज्ज्वल प्रतीक है। कैफे में कार्यरत युवा जो नक्सली हिंसा के पीड़ति तथा हिंसा का मार्ग छोड़ चुके सदस्य हैं, अब शांति के पथ पर अग्रसर हो चुके हैं। जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से उन्हें आतिथ्य सेवाओं, कैफे प्रबंधन, ग्राहक सेवा, स्वच्छता मानकों, खाद्य सुरक्षा और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।






**अपराधों को सुधारने और शांति का अवसरः** एक अन्य सदस्य ने समुदाय के सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि हमें लगा था कि मुख्यधारा में लौटना आसान नहीं होगा, लेकिन पुलिस और जिला प्रशासन ने हमें प्रशिक्षण दिया और हमारा विश्वास जीता। सबसे बड़ी बात यह है कि हम अब पीड़ितों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जिससे हमें अपने अतीत के अपराधों को सुधारने और शांति स्थापित करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि पंडुम बस्तर की सांस्कृतिक जड़ों को दर्शाता है।

### सरेंडर नक्सलियों ने कहा- मेहनत की कमाई से मिली खुशी

हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति के पथ पर लौटकर कैफे में कार्यरत एक महिला ने भावुक होकर इस पुनर्वास पहल से हुए बदलाव की बात कही। एक पूर्व माओवादी ने कहा कि हमने अपने अतीत में अंधेरा देखा था। आज हमें समाज की सेवा करने का यह अवसर मिला है यह हमारे लिए एक नया जन्म है। बारूद की जगह कॉफी परोसना और अपनी मेहनत की कमाई से जीना यह एहसास हमें शांति और सम्मान दे रहा है। एक अन्य सहयोगी ने कहा कि पहले हम अपने परिवार को सम्मानजनक जीवन देने का सपना भी नहीं देख सकते थे। अब हम अपनी मेहनत से कमाए पैसों से घर के सदस्यों का भविष्य संवार सकते हैं। यह सब प्रशासन और इस कैफे की वजह से संभव हुआ है।

### बिजली बिल पर जल्द मिलेगी राहत : साय

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि बिजली बिल हाफ योजना को ठंडे बस्ते में नहीं रहने दिया जाएगा। सरकार समयबद्ध रूप से वादे पूरे करेगी, जनता को जल्द राहत दिखेगी। विभागीय प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। बस्तर विकास और शिक्षा को सरकार प्राथमिकता देगी। स्थानीय फिल्म माटी के टैक्स-फ्री करने के सवाल पर कहा कि संबंधित विभाग से प्रस्ताव आने पर सकारात्मक विचार करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सरकारी अस्पतालों में अव्यवस्था पर हाईकोर्ट ने मांगा शपथ पत्र

**बिलासपुर।** सिम्स व सरकारी अस्पतालों में अव्यवस्था को लेकर चल रही जनहित याचिका में सुनवाई के दौरान सीजीएमएससी ने कोर्ट में बताया कि, जेम पोर्टल में टेंडर के लिए 3 से अधिक बीट ही आने पर यह अपने आप ही आगे बढ़ जाता है। डीबी ने सीजीएमएससी के मेनेजिंग डायरेक्टर से शपथपत्र पेश करने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 9 दिसंबर को निर्धारित की गई है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई थी कि 15 करोड़ रुपए की स्वीकृति के बावजूद सिम्स बिलासपुर में उच्च तकनीक वाली मशीनें उपलब्ध नहीं है। हाईकोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया था। स्वास्थ्य विभाग के सचिव और सीजीएमएससीएल के प्रबंध निदेशक ने अपने-अपने हलफनामे दायर किए। सोमवार को हुई सुनवाई में सीजीएमएससी की ओर से उनके अधिवक्ता त्रिविक्रम नायक ने बताया कि जेम पोर्टल में टेंडर के लिए 3 से अधिक बीट ही आने पर यह अपने आप ही आगे बढ़ जाता है। चीफ जस्टिस ने सीजीएमएससी के मैनेजिंग डायरेक्टर से शपथपत्र मांगा है।

### लखमा को इलाज के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने डीजीपी से मिले पूर्व विधायक कुलदीप और विकास

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि पूर्व मंत्री एवं छह बार के विधायक कवासी लखमा को आंखों में बहुत दिनों से दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने जेल प्रशासन के अस्पताल में डॉक्टर को भी दिखाया, लेकिन डॉक्टरों ने बताया उनकी आंखों का उपचार यहां संभव नहीं है। इलाज के लिए उन्हें बाहर जाना पड़ेगा, लेकिन बाहर जाने के लिए जेल एवं जिला प्रशासन उन्हें पुलिस बल उपलब्ध नहीं करा रहा है। मंगलवार को इसी मांग को लेकर पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा एवं विकास उपाध्याय ने डीजीपी अरुण गौतम से मुलाकात की और वरिष्ठ आदिवासी नेता का कवासी लखमा को इलाज के लिए पुलिस बल उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र दिया। श्री उपाध्याय ने कहा, चार दिन पूर्व कवासी लखमा से मिलने पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद राजा बरार के साथ गए थे। उन्होंने इस दौरान अपनी आंखों की समस्या के बारे में उन्हें अवगत कराया और कहा था कि जल्द से जल्द इसके इलाज कराने की आवश्यकता है। इलाज न होने पर बीमारी बड़ा रूप ले लेगी, लेकिन शासन-प्रशासन एक आदिवासी नेता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि जानबूझकर उन्हें पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जबकि वह वर्तमान में विधायक भी हैं, उसके बाद भी उनके साथ ऐसा सौतेला व्यवहार भाजपा सरकार के इशारे पर किया जा रहा है। अगर जल्द से जल्द कवासी लखमा को इलाज के लिए पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया गया, तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरेगी।

### गिरते तापमान को देखते हुए व्यापम का फैसला, जारी हुए नए दिशा-निर्देश

# ठंड में स्वेटर पहनने की छूट देगा व्यापम, हल्का रंग व आधी बांह जरूरी नहीं, लेकिन ना हो जेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**व्यावसायिक परीक्षा मंडल अभ्यर्थियों को ठंड के मौसम में स्वेटर पहनने की छूट देगा। सर्दियों के मौसम में होने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए व्यापम ने पृथक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेशभर में तापमान में आई कमी और सुबह के समय पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। व्यापम ने जारी निर्देश में कहा है कि अभ्यर्थियों को ठंड के मौसम के दौरान स्वेटर पहनने की छूट होगी।**

इसमें रंग और आधी बांह की अनिवार्यता नहीं रहेगी। अर्थात अभ्यर्थी पूरी बांह के और गहरे रंग स्वेटर भी पहन सकेंगे, लेकिन इसमें कहीं भी किसी तरह की जेब नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा जांच के दौरान परीक्षार्थियों को अपना स्वेटर उतारकर दिखाना होगा। इन शर्तों के साथ ही परीक्षार्थियों को स्वेटर पहनने की अनुमति होगी। इसके अतिरिक्त स्वेटर के भीतर पहने जाने वाले वस्त्रों पर ड्रेसकोड लागू रहेगा। अर्थात हल्के रंग और आधी बांह के कपड़े ही स्वेटर के भीतर पहनने होंगे। व्यापम की परीक्षाएं सुबह 11 बजे से प्रारंभ होती है। मुख्य द्वार 10.30 बजे बंद कर दिया जाता है। परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले पहुंचने की सलाह व्यापम द्वारा दी जाती है। ऐसे में कैंडिडेट्स को सुबह से ही घर से निकलना पड़ता है। अंबिकापुर सहित कई क्षेत्रों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। ऐसे में अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

खास खबर

## स्वेटर के भीतर पहननी होगी आधी बांह और हल्के रंग की पोशाक




### पैर में चप्पल ही

ठंड से बचने के लिए परीक्षार्थी जूते अथवा मोजे नहीं पहन सकेंगे। फूटवेयर के संदर्भ में व्यापम के दिशा-निर्देश पूर्ववत ही हैं। परीक्षार्थियों को चप्पल पहनकर ही परीक्षा दिलानी होगी। अन्य नियम भी पूर्ववत ही हैं। व्यापम की आगामी परीक्षाओं से ये नियम लागू होंगे।

### विवाद के बाद जारी हुए थे रंग

व्यापम द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों में केवल हल्के रंग के वस्त्र परीक्षार्थियों को पहनने की अनुमति दी गई थी। इस आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि हल्के रंगों में कौन से रंग को गिना जाएगा। इस कारण लगभग प्रत्येक परीक्षा के पूर्व विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। इसे देखते हुए व्यापम ने कुछ दिनों पूर्व आदेश जारी कर स्पष्ट किया था कि हल्के रंग की श्रेणी में कौन से रंगों को रखा जाएगा। शीतकाल में स्वेटर को लेकर विवाद निर्मित ना हो, इसलिए पहले ही आदेश जारी कर दिया गया है।

### बार काउंसिल की ओर हाईकोर्ट में जानकारी दी

## स्टेट बार काउंसिल की चुनावी प्रक्रिया पूरी, अंतिम परिणाम आएगा 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव के मामले में हाईकोर्ट में जानकारी दी गई कि चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। फिलहाल मतगणना जारी है और फाइनल रिजल्ट 21 नवंबर तक आ जाएंगे। इस जवाब के बाद कोर्ट ने मामली की अगली सुनवाई 25 नवंबर को तय की है। ध्यान रहे कि इस बारे के चुनाव में 25 पदों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि कि चुनाव के लिए मतदान 30 सितंबर को हुआ था, जिसके बाद 13 अक्टूबर से हाईकोर्ट परिसर में मतगणना शुरू हुई है। पूरे प्रदेश के बैलेट पेपर यही मंगाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काउंटिंग हो रही है। ध्यान रहे कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान किया था, जिससे गिनती में अधिक समय लग रहा है। चुनाव अधिकारी के मुताबिक 25 राउंड में काउंटिंग पूरी होगी।



### अब तक पांच सदस्य निर्वाचित

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव में अब तक पांच सदस्य कोटा के 5320 अंक प्राप्त करने के बाद निर्वाचित हो चुके हैं। इसमें कमल किशोर पटेल, शत्रुहन सिंह साहू, बृजेश पांडे, शैलेन्द्र दुबे और रविन्द्र पराशर शामिल हैं।


### आजाद हिंद एक्सप्रेस से आई मौत

## ट्रेन की चपेट में आने से 16 बकरे बकरियां मरीं, वृद्धा की भी मौत

**भाटापारा-हतबंद रेल लाइन पर बोड़तरा रेलवे फाटक के पास हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पुणे से हावड़ा की ओर जा रही आजाद हिंद एक्सप्रेस की चपेट में आने से 16 बकरे बकरियां मर गईं। वहीं इन बकरों को बचाने के चक्कर में रेल लाइन पर आई मालकिन वृद्धा की भी ट्रेन की ठोकर लगने से मौत हो गई। यह हादसा भाटापारा-हतबंद रेल लाइन पर बोड़तरा रेलवे फाटक के पास सोमवार की शाम को हुई। ग्रामीण थाना टी आई लखेश केंवट ने बताया कि पुणे से चलकर हावड़ा की ओर जाने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस के भाटापारा स्टेशन पहुंचने के पूर्व बोड़तरा रेलवे फाटक के पास उसकी चपेट में आने से लगभग 16 बकरे-बकरियों की कटकर मौत हो गई। वहीं इन बकरों को चरा रही वृद्धा सरस्वती यादव 62 वर्ष भी इन बकरे बकरियों को बचाने के चक्कर में ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी भी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार देर शाम की है।



### घटनास्थल पर खड़ी रही एक्सप्रेस

इस दौरान ट्रेन लगभग 5 मिनट तक घटनास्थल पर रुके रही। घटना की जानकारी मिलते ही स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार ने ग्रामीण थाने को सूचना दी। वहीं आर पी एफ स्टाफ भी घटनास्थल पर पहुंच गया। ग्रामीण पुलिस ने मरे पशुओं को वहां से उठवाकर अस्पताल भेज दिया, जहां मंगलवार को पोस्टमार्टम होगा।

# इवेंट कर्मी की हत्या के लिए बिहार से बुलाए गए थे शूटर, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इवेंट कर्मी पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दो शूटरों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। घटना में सभी साजिशकर्ता पुलिस की गिरफ्त में हैं।

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 14 नवम्बर की शाम ईदगाह के सामने घासीदास नगर जामुल में संतोषी पारा कैम्प 2 निवासी विकास प्रजापति को बाइक सवार अज्ञात युवकों ने इवेंट मैनेजमेंट का काम करने का झांसा देकर बुलाया था। अज्ञात ने विकास को मोबाइल कर घटनास्थल में बुलाया था। विकास पहुंचने पर अज्ञात का इंतजार कर रहा था। तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे और खड़े विकास को शिवम साव हत्याकांड में शामिल थे, कहते हुए पिस्टल से फायरिंग कर दी। घटना में विकास के दाहिने कान के पास से गोली गुजर गई। फायरिंग के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। विकास की शिकायत पर जामुल पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू की। जांच जामुल ने जांच में पाया कि दिसम्बर 2024 में बैकुंठधाम में शिवम साव नामक युवक की हत्या हुई थी। जिसमें 5 आरोपी गिरफ्त में आए थे। सन्देही बैकुण्ठधाम निवासी करण साव से पूछताछ करने पर बताया कि शिवम का बदला लेने के लिए बिहार शरीफ से रिश्तेदार से सम्पर्क किया।



जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, इवेंट का झांसा देकर बुलाया गया था

### साजिश रचने वाले पकड़ में

पुलिस ने बताया कि विकास प्रजापति की हत्या के लिए तीन युवकों को बिहार शरीफ से बुलाया। आरोपी युवकों को बाइक, सिम भी उपलब्ध कराया गया। विकास को बर्थडे इवेन्ट के नाम पर बुलाया गया और उस पर पिस्टल से गोली चलाया। विकास बच गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बैकुंठधाम निवासी करण साव के साथ साजिश में ऋषभ त्रिलोचन साव, संजय, संतोष साव. विनय कुमार साव, सुमीत कुमार शाह को गिरफ्तार किया गया।

### शूटरों को पकड़ने बनी है टीम

विकास पर फायरिंग कर फरार होने वाले दो बिहार निवासी दो शुटरों को पुलिस ने अभी नहीं पकड़ा है। इसके लिए टीम बनाई गई है जो जांच में जुटी हुई है। सूत्रों ने बताया कि इसमें एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा लिया है। जिससे पूछताछ किया जा रहा है। पूछताछ में कई खुलासे हो सकते है। इसके अलावा कितने रकम देकर विकास की हत्या करने भिलाई आए थे, और इसमें और कौन-कौन शामिल है। बहरहाल मामले में जांच जारी है।

### थाली में खाना लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को करते हैं पार

# भोजन के लिए रोज जान जोखिम में डालते हैं एर्राबार छात्रावास के छात्र

रफीक खान ▶▶| कोंटा

अलग खबर

विकासखंड के एर्राबोर प्री मैट्रिक बालक छात्रावास के छात्र अपनी जान जोखिम में डाल कर भोजन करने को मजबूर हैं। यहां रसोई कक्ष का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है जबकि सालों से छात्रावास के अधीक्षक जमे हुए हैं। ग्राम एर्राबोर में राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के बगल में 55 सीटर बालक छात्रावास संचालित है। वर्तमान में यहां 108 छात्र रह रहे हैं। छात्रावास में आज पर्यन्त तक स्थाई रसोई कक्ष का निर्माण ही नहीं हुआ है। छात्र सड़क के दूसरे छोर में मौजूद प्राथमिक शाला में बने रसोई कक्ष में भोजन बनने के पश्चात उसे अपने थाली में लेकर अपने छात्रावास कक्ष में लाकर खाते हैं। इस दरमियान छात्र 100 मीटर चलकर सड़क पार कर भोजन लेने अपनी जान जोखिम में हर दिन डालकर आना जाना करते हैं। एक ओर भोजन की थाली से दाल सब्जी गिरने तो दूसरी ओर तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने का डर बना रहता है। छात्रों के लिए भोजन बनाने गैस सिलेंडर चूल्हे की सुविधा प्रशासन द्वारा दी गई है किंतु वह भी उपयोग में नहीं लिया जा रहा है। जलाऊ लड़की से प्रतिदिन भोजन नास्ता बनाया जाता है। लकड़ी के चूल्हे के लिए रसोई कक्ष तथा छात्रों को बैठकर खाने के लिए कक्ष का निर्माण बीते पांच दशक के आस-पास से संचालित एर्राबोर बालक छात्रावास में नहीं है।





### छात्रावास में सुविधाओं का अभाव पानी- टंकी और बाल्टी भी नहीं

जनपद उपाध्यक्ष कोंटा शिक्षा समिति के सभापति माड़वी हिड़मा ने एर्राबोर बालक छात्रावास का अनेक बार निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छात्रावास में नहाने के लिए पानी टंकी, बाल्टी की व्यवस्था नहीं है। साथ ही मेनू के हिसाब से छात्रों को भोजन भी नहीं कराया जाता है। हम जितने भी बार निरीक्षण में गये अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए । बड़ी बात तो यह है कि छात्र जान जोखिम में डालकर एनएच सड़क पारकर भोजन लेने दूसरे स्कूल के रसोई कक्ष से आना जाना करते हैं। व्यवस्था सुनिश्चित करने जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया था किंतु आज पर्यन्त तक संबंधित अधिकारी, अधीक्षक द्वारा इन समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




राज्य में 3 नवंबर से जारी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के प्रबंधकों, आपरेटरों की हड़ताल का अत्यंत गंभीर असर सामने आया है। दरअसलए राज्य में धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों ने अपने क्षेत्र में राशन बांटने का काम ले रखा है। इन समितियों की संख्या साढ़े 4 हजार से अधिक है। इनमें से 1960 दुकानों से राशन वितरण ठप है। अब सरकार इन दुकानों से राशन बंटवाने और हड़तालियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने जा रही है। लेकिन दूसरी ओर राज्य के गरीब और एपीएल कार्डधारी चावल, नमक, शक्कर, चना, गुड़ से वंचित हो रहे हैं।

# सोसाइटी हड़ताल का साइड इफेक्ट, 1960 दुकानों में अब तक नहीं बंटा राशन, एक्शन में सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

इस मामले को लेकर खाद्य संचालक ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के लिए आदेश जारी किया है। खास बात ये है कि 10 नवंबर तक सरकारी दुकानों से राशन बंट जाना था, लेकिन ▶▶|शेष पेज 6 पर



**सरकार ने माना गंभीर मामला है**

पीडीएस का राशन नहीं बंट पाने की स्थिति को राज्य सरकार ने गंभीर विषय माना है। लिहाजा अब कलेक्टरों से कहा गया है कि जिले में सहकारी समितियों,लेम्पस,पैक्स समितियों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदेश 2016 के प्रावधानों के अनुसार तत्काल कड़ी कार्रवाई करें।

## सहकारी समिति के प्रभारी प्रबंधक सहित 13 कर्मचारी बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हरिभूमि फॉलोअप

सहकारी समिति के हड़ताली कर्मचारियों के विरुद्ध प्रशासन के द्वारा सख्त कार्यवाही शुरू कर दी गई है। धान खरीदी कार्य से इंकार करने वाले कर्मचारियों पर अति आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को प्रभारी प्रबंधक साहित 13 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया है तथा 3 कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर प्रस्तावित है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा समिति प्रबंधक मंजुला शर्मा, खोखली समिति प्रबंधक राकेश कुमार टंडन, धुर्रा बांधा समिति प्रबधक मूलचंद वर्मा, रोहांसी समिति प्रबंधक धर्मेन्द्र साहू, समिति प्रबंधक तिल्दा रामकुमार ▶▶|शेष पेज 6 पर


सहकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष बर्खास्त, कई अन्य पर भी कार्रवाई

### 3 के विरुद्ध एफआईआर प्रस्तावित

विकासखंड पलारी अंतर्गत समिति कोनारी के प्रभारी प्रबंधक राजेंद्र चंद्राकर, समिति रोहरा के कम्प्यूटर ऑपरेटर बीरेंद्र साहु एवं समिति रिसदा के विक्रेता टीका राम वर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने शाखा प्रबंधक को पत्र जारी किया गया है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### असम में भी मतदाता सूची का एसआईआर

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने असम में मतदाता सूची के 'विशेष पुनरीक्षण' का सोमवार को आदेश दिया। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के लिए चुनाव प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, एक जनवरी, 2026 राज्य के लिए विशेष संशोधन करने की पात्रता तिथि होगी। अधिकारियों के अनुसार, विशेष पुनरीक्षण, मतदाता सूचियों के वार्षिक विशेष सारांश पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच की प्रक्रिया है। आयोग ने छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लिए एसआईआर का पिछले महीने आदेश दिया था।

## सऊदी अरब में बड़ा हादसा, 54 जायरीन गए थे जेद्दा, ज्यादातर मृतक हैदराबाद के निवासी

# टैंकर से टकराई बस, 45 भारतीयों की मौत, इनमें 18 एक ही परिवार के सदस्य

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

**सऊदी अरब में हुए भीषण सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई है। मरने वालों में अधिकतर हैदराबाद के निवासी थे। यह हादसा उस समय हुआ, जब उमराह के लिए गए लोगों को लेकर जा रही बस एक तेल के टैंकर से टकरा गई। हादसा मदीना के नजदीक हुआ। मृतकों में एक परिवार के तीन पीढ़ियों के 18 सदस्य भी शामिल हैं। इधर, कांगो की एक खदान में हादसे से 32 लोगों की मौत हो गई।**

हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार ने सोमवार को प्रारंभिक सूचना का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। हैदराबाद में संवाददाताओं से मुखातिब सज्जनार ने बताया कि शहर के 54 जायरीन नौ नवंबर को जेद्दा गए थे और उन्हें 23 नवंबर को लौटना था। उन्होंने बताया कि इन 54 लोगों में से चार रविवार को अलग कार से मदीना के लिए रवाना हुए, जबकि चार अन्य मक्का में ही रुक गए। सज्जनार के मुताबिक, बाकी बचे 46 लोग एक बस से मदीना की यात्रा पर निकले, जो निर्धारित गंतव्य से लगभग 25 किलोमीटर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### खत्म हो गए तीन पीढ़ियों के सदस्य



**मृतक यहां के थे निवासी:** संयुक्त पुलिस आयुक्त तफसीर इकबाल ने बताया कि बस में सवार 46 जायरीनों में से 43 हैदराबाद के और दो साइबराबाद के थे, जबकि एक कर्नाटक के हुबली का रहने वाला था। दुर्घटनाग्रस्त बस में 18 पुरुष, 18 महिलाएं और 10 बच्चे सवार थे।

बस में एक ही परिवार की तीन पीढ़ियों के 18 सदस्य सवार थे। संबंधी मोहम्मद असलम ने बताया कि सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी शेख नजीरुद्दीन अपनी पत्नी, बेटे, तीन बेटियों और पोते-पोतियों के साथ मदीना जा रहे थे। यह दुर्घटना थी या क्या हुआ हमें नहीं पता लेकिन बस में शेख नजीरुद्दीन, उनके बेटे, बेटियों और पोते-पोतियों सहित कुल 18 सदस्य सवार थे। नजीरुद्दीन का एक अन्य बेटा इस समय अमेरिका में है। असलम ने घटना और ट्रैवल एजेंसी की भी जांच की मांग की।



### डीजल टैंकर से टकराई बस

रिपोर्ट्स के अनुसार, उमराह गए लोगों को लेकर बस मक्का से मदीना जा रही थी, जब वह रास्ते में डीजल टैंकर से टकरा गई। हादसा स्थानीय समय अनुसार, सुबह करीब 1.30 बजे मुहरास या मुफरिआत इलाके में हुआ, जो मदीना के करीब है। हादसे के समय कई यात्री सो रहे थे। टक्कर लगते ही बस आग की लपटों में घिर गई और लोगों को बचने का भी समय नहीं मिला।

### इधर, कांगो में खदान पर बना पुल ढहा, 80 की गई जान

बुकावु। दक्षिण-पूर्वी कांगो में एक तांबा और कोबाल्ट खदान में अत्यधिक भीड़ के कारण एक पुल ढह गया, जिससे कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई। प्रांत के गृह मंत्री रॉय कौम्बा मायोंडे ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लुआलाबा प्रांत के मुलोंडो में कलांडो खदान का पुल शनिवार को ढह गया। उन्होंने कहा, भारी बारिश और भूस्खलन के खतरे के कारण खदान में प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध के बावजूद अवैध उत्खननकर्ता खदान में जबरन घुस गए। इस हादसे को इस साल देश में हुए सबसे भीषण खदान हादसों में से एक माना जा रहा है।कांगो की कारीगरी और लघु-स्तरीय खनन सहायता एवं मार्गदर्शन सेवा की रविवार की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि घटनास्थल पर सैनिकों की गोलीबारी से खनिकों में दहशत फैल गई और वे पुल की ओर भागे जिसके परिणामस्वरूप पुल ढह गया तथा वे 'एक-दूसरे के ऊपर गिर गए जिससे कई लोग हताहत हुए।' मायोंडे ने मृतकों की संख्या कम से कम 80 बताई। खदान में सैनिकों की उपस्थिति 'वाइल्डकैट' खनिकों और स्थल के कानूनी संचालकों के बीच विवाद का केंद्र रही है।

## आरोपी महिला सहित तीन गिरफ्तार

# भाभी के जरिए महिला से पहचान, फिर गैंगरेप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महिला से गैंगरेप के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने पहले पीड़िता को घर बुलाया। इसके बाद दो युवकों ने मिलकर पीड़िता से दुष्कर्म किया। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पति के दो दोस्त भी आरोपी महिला के घर पहुंचे थे। इस दौरान दोनों युवकों ने पीड़िता के साथ रेप किया, जबकि वह लगातार विरोध ▶▶|शेष पेज 6 पर

### भाभी के जरिए पीड़िता से बनाई पहचान

पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला ने पीड़िता की पहचान युवकों से कराई थी। पीड़िता का पति में जेल में बंद है। इस दौरान पत्नी से कहा था कि बाहर उसके दोस्तों से संपर्क में रहना। पति के एक दोस्त ने महिला की भाभी के जरिए उससे मिलने की प्रयास किया। जान पहचान होने से युवक मिलने के लिए महिला के घर बुलाई। जहां पहले से दूसरा दोस्त मौजूद था। दोनों ने मिलकर बारी-बारी से रेप किया।

### तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

गैंगरेप मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक आरोपी का आपराधिक रिकार्ड है। उसे भी खंगाला जा रहा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-पद्मश्री तंवर, एएसपी**




चिंतन

# शेख हसीना को फांसी की सजा पर उठे गंभीर सवाल

जिसका डर था वही हुआ, बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी ठहराते हुए फांसी की सजा सुनाई है। वह पिछले साल उग्र आंदोलन के बाद ढाका छोड़कर भारत आई थीं और 15 महीनों से दिल्ली के एक सेफ हाउस में रह रही हैं। बांग्लादेश ने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के फैसले के बाद भारत से शेख हसीना को सौंपने का आग्रह किया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच मौजूदा प्रत्यर्पण संधि के अनुसार, यह भारत का अनिवार्य कर्तव्य है।' उसने यह भी कहा कि शेख हसीना को शरण देना अमित्रतापूर्ण और न्याय के प्रति अवमानना होगा। यह बात सही है कि भारत-बंग्लादेश के बीच 2013 में एक्स्ट्रडिशन ट्रीटी साइन हुई थी, जिसमें दोनों देशों के बीच अपराधियों के एक्सचेंज की शर्तें हैं, लेकिन बांग्लादेश का विदेश मंत्रालय शायद इस समझौते की शर्तों को भूल गया है। इसके ट्रीटी के आर्टिकल 8 के तहत अगर आरोपी की जान को खतरा हो, उसे निष्पक्ष ट्रायल नहीं मिला हो या ट्रिब्यूनल का उद्देश्य न्याय नहीं, बल्कि राजनीतिक हो तो भारत प्रत्यर्पण से मना कर सकता है। कौन नहीं जानता कि बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हरीना के खिलाफ किस तरह मुकदमा चलाया गया। किसी भी मुकदमे का पहला वाक्य यही होता है कि चाहे सौ गुनाहगार छूट जाएं, किसी एक बेगुनाह को सजा नहीं होनी चाहिए। कौन नहीं जानता कि शेख हसीना पर चलाए गए केस में उनका पक्ष ही नहीं है। सबसे पहले तो यह देखा जाता है कि जिस पर आरोप लगाया गया है, उसने अपने बचाव में क्या कहा, लेकिन पूरे मुकदमे और सुनवाई में शेख हसीना पक्ष है ही नहीं। हसीना को अपना पक्ष रखने के लिए वकील तक नहीं मिला। जब से इस मामले की सुनवाई शुरू हुई है, अनेक रिपोर्ट सामने आ चुकी हैं कि केस की सुनवाई करने वाले जज सरकारी दबाव में थे। इस पूरे केस की जांच पर अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन चिंता जता चुके हैं। खुद हसीना लगातार राजनीतिक बदले का आरोप लगा रही हैं। महज दो दिन पूर्व ही कार्रवाई को राजनीतिक बदला बताते हुए उन्होंने कहा था कि मेरे खिलाफ चल रहा मुकदमा झूठा तमाशा है। यह पूरी तरह राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। मैं ट्रायल में न तो अपनी सफाई पेश कर सकी और न ही अपने वकील नियुक्त कर सकी। भारत-बांग्लादेश समझौते के आर्टिकल 6 के मुताबिक अगर अपराध राजनीतिक माना जाए तो भारत प्रत्यर्पण से इनकार कर सकता है। वैसे भी यह आदेश बांग्लादेश की सर्वोच्च अदालत का नहीं है। शेख हसीना ट्रिब्यूनल के फैसले को बांग्लादेश की ऊपरी अदालत में चुनौती दे सकती हैं। वे सबूतों की दोबारा जांच और अनफेयर ट्रायल का हवाला देकर रिव्यू करने की मांग कर सकती हैं। हसीना निष्पक्ष ट्रायल न होने को लेकर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों या कानूनी संस्थाओं में शिकायत कर सकती हैं। इससे पहले ही बांग्लादेश का भारत को पत्र लिखकर हसीना को सौंपने का आग्रह करने का कोई औचित्य नजर नहीं आता। भारत ने इस फैसले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन साफ है कि कार्यवाही होगी जो न्यायसंगत हो।



बम विस्फोट
योगेंद्र माथुर

सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा।

# भारत के अगले कदम का इंतजार

देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को आतंकियों ने एक बार फिर कायराना कृत्य का परिचय देते हुए कार में आत्मघाती विस्फोट कर कई बेगुनाह लोगों की जान ले ली। दिल्ली में एक दशक से अधिक समय बाद हुई इस आतंकी घटना से समूचा देश स्तब्ध भी है और खासा गुस्से में भी। लगभग समूचा देश यह बात तय मानकर कि इस घटना में पाकिस्तान और वहां बैठे दहशतगर्दों का ही हाथ है, सरकार के जवाबी कदम की प्रतीक्षा में है।

सोमवार की सुबह ही दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद से खबर मिली थी कि वहां एक डॉक्टर को संदिग्ध आतंकी कनेक्शन में हिरासत में लिया गया है और उसके पास से करीब 3 हजार किलो विस्फोटक असला बरामद किया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही व सम्बन्धों के आधार पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से बाद में और कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक असला बरामद होना और आतंकियों का पकड़ा जाना सभी के लिए बड़ी खबर थी। लोग एक प्रकार से राहत की सांस ले रहे थे कि शाम को दिन ढलते-ढलते यह बुरी खबर देश को मिल गई कि दिल्ली के लाल किले के समीप एक कार में विस्फोट हो गया है और उस कार सहित वहां रखी अन्य कुछ कारों में खासे नुकसान के साथ आग लगने से बड़ी संख्या में वहां मौजूद लोग हताहत हुए हैं।

सुबह फरीदाबाद में डॉक्टर की गिरफ्तारी और विस्फोटक बरामदगी के कुछ घंटों में ही देश की राजधानी दिल्ली में आत्मघाती विस्फोट कर आतंकी आखिर क्या संदेश देना चाहते थे? क्या देश में कुछ बड़ा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था और पकड़े जाने पर तुरत-फुरत में विस्फोट की घटना को अंजाम दिया गया या अन्य कहीं रखे विस्फोटक को पकड़े जाने के डर से दूसरी जगह स्थानांतरित करने की हड़बड़ी में बीच में ही यह विस्फोट हो गया अथवा अपने कुछ साथियों के पकड़े जाने के बाद अन्य आतंकी देश की राजधानी के व्यस्ततम व संवेदनशील क्षेत्र में विस्फोट कर सरकार को देश में अपनी मौजूदगी व सक्रियता का संदेश देना चाहते थे? एक यह भी वजह हो सकती है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वहां लौटा अमन चैन आतंकियों को रास नहीं आ रहा हो और देश की राजधानी में आतंकी घटना कर समूची दुनिया का ध्यान अपनी मौजूदगी व सक्रियता के साथ कश्मीर मुद्दे की तरफ पुनः खींचना चाहते हों। ऐसा इसलिए लगता है कि विस्फोट की घटना से जुड़े लोगों के तार कश्मीर से भी जुड़ रहे हैं।

फिलहाल सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहकर इसे लेकर मंथन कर रही है और सुरक्षा एजेंसियां घटना के तार जोड़कर पूरे षड्यंत्र की जांच करने में तेजी से जुट गई हैं। सरकार ने घटना की जांच का जिम्मा एनआईए को सौंप दिया है और घटना से जुड़े आतंकियों के सीमा पार पड़ोसी देश से जुड़े होने के सबूत खोजे जा रहे हैं। सुरक्षा एजेंसियों को आरंभिक जांच में घटना से जुड़े आतंकियों के तार पाकिस्तान सहित तुर्किये तक से जुड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। आने वाले दिनों में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगी और जैसा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री व रक्षामंत्री तक ने कहा है, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। विगत अप्रैल में



कश्मीर में हुई बड़ी आतंकी घटना के बाद भी देश में खासा आक्रोश देखा गया था। निसंदेह सरकार भी गुस्से में थी। जिसका परिणाम यह हुआ था कि घटना के चंद दिनों बाद ही सरकार की हरी झंडी मिलने पर सेना ने पड़ोसी आतंकी देश पाकिस्तान को सबक सिखाने और वहां सरकार व सेना के संरक्षण में पल-बढ़ रहे जेहादियों को जहन्नुम पहुंचाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर लांच किया था। उस समय हमारा लक्ष्य एक पूर्ण युद्ध नहीं बल्कि केवल वहां बैठे आतंक के आकाओं व उनके अड्डों को समाप्त करना था। हमने हमारे लक्ष्य को बड़ी तेजी से प्राप्त भी कर लिया था। हालांकि बाद में वहां की सेना द्वारा ड्रोन हमले के द्वारा प्रतिक्रिया देने का दुस्साहस करने पर हमारी सेना ने उनके हवाई ठिकानों को भी नष्ट कर उसे खासा नुकसान पहुंचाया था।

भारतीय सेना की जोरदार कार्रवाई से शीघ्र ही हौसला पस्त व घबराई वहां की सेना के डीजीएमओ द्वारा भारत के समक्ष घुटने टेकने और कार्रवाई रोकने की प्रार्थना पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित तो कर दिया, लेकिन साथ ही यह सख्त चेतावनी भी दे दी थी कि भविष्य में भारत में होने वाली किसी भी आतंकी घटना को भारत के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा और इससे भी कड़ा व मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर स्थगित होने के बाद हाल ही के कुछ महीनों में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा दुनिया के कुछ बड़े देशों की यात्रा कर भारत से भविष्य के लिए सुरक्षा को लेकर कवायद की गई। इन देशों के साथ आधुनिक हथियारों की खरीद के साथ-साथ सुरक्षा समझौते भी किए गए। इसके लिए पाकिस्तान द्वारा इन देशों को कई प्रकार के अन्य लाभ व प्रलोभन भी दिए गए हैं। वहां की सरकार व सेना यह मानकर चलने लगी है कि भविष्य में भारत के साथ उसके किसी भी प्रकार के संघर्ष में ये देश उसकी सहायता व सहयोग करेंगे और वह भारत को मात देने में सक्षम होगा। वहां की सरकार में बैठे कुछ लोग व सेना प्रमुख मुनीर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई को भूल कर या नजर अंदाज कर भारत को एक बार फिर परमाणु धमकी दी जाने लगी है। लेकिन पाकिस्तान संभवतः यह भूल गया है कि भारत अब पहले से कहीं अधिक शक्ति सम्पन्न देश है और किसी भी वैश्विक स्थिति या संकट से निपटने में सक्षम है। वह 47, 65, 71 व कारगिल में भारत की सेना की शक्ति देख चुका है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का शौर्य व साहस उसके सहित समूची दुनिया ने देखा है। फिर भी वह अपनी फ़ितरतों से बाज नहीं आ रहा है।

निःसंदेह भारत सरकार व सेना हर स्थिति और संकट का सामना करने में सक्षम है और पूरी तरह से सतर्क व तैयार भी है। भारत अपने हितों व संप्रभुता का संरक्षण करने में पूर्ण सक्षम है। भारत अब किसी दबाव में आने वाला भी नहीं है। ताजा घटनाक्रम के बाद इस बात की प्रबल संभावना है कि भारत दहशतगर्दों के संरक्षक व पालन-पोषण करने वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान के विरुद्ध कड़ी जवाबी कार्रवाई करेगा और पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस करने की कोशिश की तो संभवतः पाकिस्तान टुकड़ों में बंट जाए और पाकिस्तान के तौर पर उसकी पहचान नक्शे से मिट जाए, इसमें भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। भारत के लिए कश्मीर का पाक अधिगृहीत हिस्सा लेने का यह महत्वपूर्ण अवसर है और भारत को अब देर नहीं करना चाहिए। हालांकि सब कुछ इतना सरल व आसान भी नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में भारत की जवाबी कार्रवाई की प्रतीक्षा पूरी दुनिया को है।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
डॉ. रमेश ठाकुर



# बाल अपराध प्रतिबंध पर संयुक्त राष्ट्र की पहल

बाल अपराधों पर प्रतिबंध लगाने के उद्देश्य ये संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष-2022 को 18 नवंबर की तारीख को 'विश्व बाल यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम' दिवस मुकर्रर किया था। दिवस का मकसद बच्चों के यौन शोषण व दुर्व्यवहार को रोकना और प्रभावित बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करवाने के प्रति जागरूक करना था। जिस हिसाब से अपराध बढ़ रहे हैं, उन्हें देखकर लगता है कि ये कृत्य सीधे-सीधे बाल अधिकारों का घोर उल्लंघन है। ये एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या में भी तब्दील हो चुकी है। ये असहनीय कृत्य किशोरों के स्वास्थ्य पर कितना प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं जिसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है। आज इस खास दिन पर बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत तमाम सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाएं बकायदा कैंप लगाकर पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों को कानूनी मदद और अन्य सहायता के लिए जागरूक करती हैं। साथ ही नौनिहालों की रक्षा-सुरक्षा के संबंध में जागरुकता फैलाना और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने के लिए भी यह दिन अति-महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से ऐसे दिवस पीड़ितों को यौन शोषण के आघात से उबरने में काफ़ी मददगार साबित होते हैं। एनसीआरबी और 'जोनल इंटीग्रेटेड पुलिस नेटवर्क'(जिपनेट) की हालिया रिपोर्ट ने भी बच्चों से जुड़े अपराधों में बेहताशा वृद्धि बताई है।



एनसीआरबी रिपोर्ट ने ना सिर्फ शासकीय महकमों में खलबली मचाई है,बल्कि जनमानस में भी भय का माहौल उत्पन्न किया है। ऐसे नौनिहाल जो या तो पार्कों में खेलने गए या ट्यूशन पढ़ने, बाद में वापस ही नहीं लौटे। बिहार, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा व दिल्ली में ऐसे राज्य हैं जहां ऐसे मामलों में खासी वृद्धि हुई। बाल अपराध कैसे रूकें, इसके लिए क्या किया जाना चाहिए, इन्हीं सभी बातों पर मंथन आज किया जाएगा। कई क्षेत्रों में बाल यौन शोषण को छुपाया और कलंकित किया जाता है, जबकि ऐसा कतई नहीं किया जाना चाहिए। इस समस्या से निपटने और चुप्पी व प्रतिरोध की सांस्कृतिक बाधाओं को तोड़ने के लिए, सामुदायिक स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक ज्ञान और प्रभावी रणनीतियों का प्रसार आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र की मैनुअल रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023-24 में लगभग 190 देशों के बच्चों के साथ जितनी यातनाएं बढ़ी, उतनी इसके पूर्व कभी नहीं रही? इसमें भारत भी शामिल है। दुनिया भर में बच्चों के अधिकारों के साथ खुलेआम उल्लंघन और दुर्व्यवहार होता है। इस तरह के उल्लंघन सभी देशों और सामाजिक स्तरों में व्याप्त हैं।

बच्चों, विशेषकर लड़कियों के साथ जबरन यौन संबंध, शारीरिक शोषण, दुर्व्यवहार व हिंसा के मामले बढ रहे हैं जिसमें ऑनलाइन और डिजीटल अपराध सबसे ज्यादा हैं। बच्चों की गरिमा और हिंसा से मुक्त जीवन जीने के उनके अधिकारों को सशक्त बनाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने करीब 90 देशों के साथ 2030 तक एक एजेंडा तय किया, जिसमें यह सुनिश्चित हुआ कि विभिन्न बाल अपराधों को रोकने में अपने कानूनों को धारदार बनाएंगे। बाल अपराध तभी रूक पाएंगे, जब हुकूमती शक्तियां कठोर होंगी। वैसे, कई मुल्कों में बाल अपराध पर फांसी की सजा निर्धारित हैं। दुबई में बाल अपराध न के बराबर हैं। लक्ष्यों और उद्देश्यों की श्रृंखला को कार्यान्वयन करने के लिए सभी पीड़ित देश अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंडे के साथ जुड़े हैं। ये पहल बाल शोषण, दुर्व्यवहार, बाल तस्करी, यातनाएं और बच्चों के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा को समाप्त करने के साथ-साथ बाल विवाह और महिला जननांग विकृति जैसी हानिकारक प्रथाओं को समाप्त करने में मदद करेगी।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अनासक्त हुए बिना करें दूसरों की भलाई



संकलित
दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

## दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बिहार चुनाव में मुद्दे आए काम

हाल ही में बिहार विधानसभा चुनाव में जो एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला उस पर सभी के अपने-अपने विचार हो सकते हैं। इसके लिए कोई नीतीश कुमार के कामों को कारण बता रहा है, तो कोई वहां भी महागठबंधन में कमियों को दोषी मान रहा है। लोकतंत्र में हर चुनाव में ऊंट किस करवट मतदाता बिठा दे, इसका अंदाजा लगाया नहीं जा सकता। आम चुनाव में मतदाता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को ध्यान में रखता है। जबकि स्थानीय निकाय और विधानसभा चुनाव में मूलभूत सुविधाओं और अन्य स्थानीय मुद्दों को। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा सीटों पर जीत मिलना यह भी साबित कर रहा है कि मतदाता अब डबल इंजन की सरकार को ध्यान में रख रहा है।

*– विवेक पाठक, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### टाइम्स स्क्वायर पर महिला सशक्तिकरण का जश्न

न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर में भारतीय प्रवासी समुदाय और अन्य देशों की महिलाओं ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान साड़ी की खूबसूरती, विरासत, कलात्मकता और समुदाय के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण का जश्न मनाया। इस दौरान रंग-बिरंगी और विभिन्न शैलियों की साड़ियां इस लोकप्रिय स्थल पर छा गईं। 'साड़ी गोज़ ग्लोबल' कार्यक्रम के दूसरे संस्करण का आयोजन रविवार को न्यूयॉर्क स्थित परोपकारी संगठन 'उमा ग्लोबल' ने न्यूयॉर्क के भारतीय वाणिज्य दूतावास के सहयोग से किया। उमा ग्लोबल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस वर्ष के उत्सव में भारत, बांग्लादेश, ब्रिटेन, वेस्ट इंडीज, मलेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका, अमेरिका के कई शहरों और स्थानीय न्यूयॉर्क निवासियों ने हिस्सा लिया। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में काउंसलर (चांसरी प्रमुख) प्रज्ञा सिंह ने साड़ी के गहन सांस्कृतिक इतिहास और विविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "साड़ी दुनिया के सबसे पुराने लगातार पहने जाने वाले परिधानों में से एक है, जिसकी परंपरा हजारों साल पुरानी है। इसकी अनगिनत शैलियां, पहनने के तरीके और कपड़े भारत की असाधारण विविधता और कलात्मक विरासत को प्रतिबिंबित करते हैं।'



## ऑफ बीट

### हिंसा कई बच्चों के जीवन का एक सामान्य हिस्सा

दुनियाभर के कई देशों में बच्चे हिंसा के बीच बड़े हो रहे हैं। यह हिंसा घर पर, उनके पड़ोस में या दोनों जगह हो सकती है। इससे कुछ बच्चों को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचता है जबकि कुछ बच्चों को उनकी देखभाल करने वालों के बीच या अपने समुदायों में हिंसा के कारण अप्रत्यक्ष नुकसान होता है। किसी भी प्रकार से हिंसा के बीच बड़े होने का बच्चों पर गहरा असर पड़ सकता है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि हिंसा और खराब मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध बच्चे के स्कूल की आयु से पहले ही देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, बचपन में हिंसा के संपर्क में आने से इसका असर जीवन भर नजर आता है। हम बाल चिकित्सा तंत्रिका विज्ञान एवं मनोविज्ञान के शोधकर्ता हैं और यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हिंसा के शुरुआती अनुभव छोटे बच्चों के संज्ञानात्मक और भावनात्मक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित कर रहे हैं। यहां हम 20 देशों में किए गए अध्ययनों की समीक्षा और दक्षिण अफ्रीका में बच्चों के एक बड़े समूह से प्राप्त नए आंकड़ों से प्राप्त निष्कर्षों पर चर्चा कर रहे हैं। हमने पाया कि जिन देशों का हमने अध्ययन किया, उन सभी में बच्चों के लिए हिंसा का सामना करना बेहद आम है और मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव बचपन में ही दिखाई देने लगता है।



## ट्रेंड

### बातचीत का अवसर

निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का दौरा किया और मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति की समीक्षा की। पहली बुलेट ट्रेन परियोजना पर काम कर रही टीम से बातचीत करने का अवसर भी मिला।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### नाइंसाफी और जुल्म

सत्ता के गुरूर में जो नाइंसाफी और जुल्म की हदें पार कर देते हैं, वो ख़ुद एक दिन कुदरत के फैसले की गिरफ़्त में आकर एक बेहद बुरे अंत की ओर जाते हैं। वो सब देख रहा है। किसी के साथ भी बेइंसाफी पर वो जरूर सुनता है।

- अखिलेश यादव, सपा नेता



### गर्व का अनुभव

मुझे यह बताते हुए गर्व और प्रसन्नता हो रही है कि मेरी बेटी निहारिका ने ओलिवा, वेलेंसिया, स्पेन में मेडिटेरेनियन इक्वेस्ट्रियन टूर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस कामयाबी पर गर्व का अनुभव कर रहा हूं।

- गौतम सिंघानिया, उद्योगपति



### दर्शकों का शुक्रिया

मेरे नाटक कुछ भी हो सकता है के लिए प्यार, गर्मजोशी, प्रशंसा और अंतहीन तालियों के लिए दिल्ली के दर्शकों का शुक्रिया। आयोजकों और सभी स्वयंसेवकों ने एक शानदार और कठिन काम को इतनी सहजता और सहजता से अंजाम दिया।

- अनुपम खेर, अभिनेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

मानवता के खिलाफ अपराध का माना है दोषी

# मौत की सजा के बाद अब क्या करेंगी हसीना, बचे हैं दो रास्ते

## पिछले साल अगस्त से भारत में हैं पूर्व पीएम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने पिछले साल छात्र आंदोलन के दौरान हुई हिंसा और मौतों के लिए मानवता के खिलाफ अपराध का दोषी माना है और उन्हें मौत की सजा सुनाई है। इस फैसले के बाद न केवल शेख हसीना बल्कि उनकी पार्टी बांग्लादेश आवामी लीग के भी राजनीतिक वजूद पर खतरा मंडरा रहा है। सवाल खड़े हो रहे हैं कि हसीना और उनकी पार्टी के पास अपना राजनीतिक भविष्य बचाने के लिए क्या विकल्प बचे हैं। वैसे तो शेख हसीना के पास आईसीटी द्वारा सुनाई गई मौत की सजा के खिलाफ अपील का रास्ता तकनीकी रूप से खुला है, लेकिन उसके लिए शर्तें बेहद कठिन हैं।

### गिरफ्तारी न देने पर कानूनी अधिकार होंगे खत्म

आईसीटी कानून की धारा 21 के तहत, मौत की सजा पाने वाले दोषी को फैसले की तारीख से 30 दिनों के अंदर या तो गिरफ्तार होना होगा या अदालत में आत्मसमर्पण करना होगा। तभी बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट की अपीलेट डिवीजन में इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल की जा सकती है। शेख हसीना के मामले में यह अंतिम तारीख 17 दिसंबर 2025 है। यदि वह इस तारीख तक बांग्लादेश की किसी अदालत में आत्मसमर्पण नहीं करतीं या गिरफ्तारी नहीं देती हैं, तो अपील का कानूनी अधिकार अपने आप समाप्त हो जाएगा और मौत की सजा अंतिम हो जाएगी। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट को अपील पर 60 दिनों के अंदर फैसला सुनाना अनिवार्य है, यानी हसीना के मामले में यह तारीख अधिकतम 15 फरवरी 2026 तक की हो सकती है।



### राजनीतिक वापसी लगभग असंभव

चूंकि शेख हसीना ने आईसीटी को 'फर्जी और धांधली वाली कठपुतली अदालत' बताया है और भारत में शरण लिए बैठी हैं, ऐसे में इस बात की संभावना बहुत कम है कि वह बांग्लादेश जाकर गिरफ्तारी देंगी या वहां की किसी अदालत में आत्मसमर्पण करेंगी और अगर ऐसा नहीं हुआ तो न सिर्फ हसीना की अपनी राजनीतिक वापसी लगभग असंभव हो जाएगी, बल्कि पूरी आवामी लीग पर प्रतिबंध को चुनौती देने का कानूनी रास्ता भी हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। यानी अगले 30 दिन हसीना और आवामी लीग के राजनीतिक अस्तित्व के लिए अहम होंगे।

### भारत में ली है शरण

शेख हसीना ने बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल द्वारा सुनाई गई मौत की सजा को पक्षपातपूर्ण, राजनीतिक रूप से प्रेरित और अवैध करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला एक 'फर्जी और तथाकथित अदालत' का है जिसे कोई जनादेश प्राप्त नहीं है। बता दें कि आवामी लीग प्रमुख शेख हसीना को छात्र आंदोलन के हिंसक हो जाने के कारण 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। तबसे वह भारत में शरण लिए हुए हैं। हसीना ने खुद पर लगे मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं इन आरोपों को पूरी तरह नकारती हूं। मेरी अनुपस्थिति में मेरे खिलाफ मुकदमा चला और मुझे न तो अपना बचाव करने का मौका मिला, न ही अपनी पसंद का वकील रखने की इजाजत दी गई।'

## खबर संक्षेप

### मुंद्रा पोर्ट पर मिले 5 करोड़ के चीनी पटाखे

**मुंद्रा।** पटाखों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन फायर ट्रेल में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को बड़ी सफलता मिली है। रविवार को गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर 5 करोड़ रुपये के चीनी पटाखे और आतिशबाजी जब्त की गई है। तस्करी के पीछे का मास्टरमाइंड सह फाइनेंसर मौके से गिरफ्तार हुआ है। उससे पूछताछ में पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। डीआरआई अधिकारियों ने बताया कि पटाखों के अवैध आयात पर अंकुश लगाने के लिए ऑपरेशन फायर ट्रेल चलाया जा रहा है। इसी ऑपरेशन के तहत मुंद्रा पोर्ट पर चीन से आ रहे एक 40 फुट लंबे कंटेनर को रोका, जिसमें पानी का गिलास और फूलदान होने की बात कही गई थी। लेकिन जांच के दौरान पता चला कि 30,000 से अधिक पटाखे और आतिशबाजी पानी के गिलासों के ऊपरी हिस्से के पीछे छिपाकर रखे गए थे। विदेश व्यापार नीति के आईटीसी (एचएस) कोड के तहत चीनी पटाखों का आयात प्रतिबंधित श्रेणी में आता है। इसके लिए विस्फोटक नियम, 2008 के तहत दोनों संस्थाओं से वैध लाइसेंस जरूरी है। बिना लाइसेंस आयात करना सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत गंभीर अपराध है।


उमर की कार में मिले हैं खतरनाक विस्फोटक टीएटीपी के अंश

# लाल किला ब्लास्ट में फिदाइन आतंकी डॉ. उमर ने इस्तेमाल किया था 'जूता बम'

### इस विस्फोटक को कहा जाता है 'शैतान की मां' | लाल किला के पास हुआ था अटैक 13 लोगों की हुई थी मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में पिछले सोमवार (10 नवंबर) को लाल किले के पास हुए धमाके को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों का कहना है कि जैश से जुड़े फिदायीन हमलावर डॉ. उमर उन नबी ने संभवतः 'जूता बम' का इस्तेमाल करके वह धमाका किया जिसमें अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और करीब 20 लोग बुरी तरह घायल हुए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि धमाके वाले जगह से मिले सामानों और एकत्रित किए गए सबूतों में एक जूते पर जांचकर्ताओं का ध्यान केंद्रित हो गया है, जो उमर की कार आई20 से बरामद किया गया था। इसमें बेहद खतरनाक विस्फोटक टीएटीपी के अंश मिले हैं जिसे 'शैतान की मां' भी कहा जाता है।



### यह है टीएटीपी



लाल किले के पास विस्फोट के लिए इस्तेमाल की गई कार को जम्मू कश्मीर के पुलवामा का डॉक्टर उमर नबी चला रहा था। उमर 'वॉइट कॉलर' मॉड्यूल का एक आतंकी था। टीएटीपी बेहद संवेदनशील होता जो हल्के घर्षण या गर्मी से फट सकता है। इसलिए इसे 'मदर ऑफ सैटन' या शैतान की मां भी कहा जाता है। टीएटीपी के अंश उमर के जूते और टायर पर मिले हैं। माना जा रहा है कि फिदायीन हमला करने वाले डॉ. उमर ने गाड़ी में रखे विस्फोटकों को उड़ाने के लिए जूते में टीएटीपी को रखा धमाके के लिए इसका इस्तेमाल किया होगा।

### 2900 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद

धमाके की जांच कर रही टीमों ने यह भी पुष्टि की है कि जैश के आतंकियों ने बड़े हमले के लिए काफी मात्रा में टीएटीपी जमा कर रखी थी और लाल किले विस्फोट में टीएटीपी और अमोनियम नाइट्रेट का मिश्रण इस्तेमाल किया गया था। धमाके से पहले फरीदाबाद में दो आंतकी डॉक्टरों के ठिकानों से करीब 2900 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया था।

### 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा गया मास्टरमाइंड आमिर



धमाके मामले में गिरफ्तार किए गए आमिर राशिद अली को एनआईए ने गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में पेश किया और कोर्ट ने उसे 10 दिनों की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है। आमिर राशिद अली आत्मघाती हमले करने वाले उमर नबी का करीबी बताया जाता है। आमिर पर इस धमाके की साजिश रचने के आरोप लगे हैं। दिल्ली में हुए कार धमाके की जांच एनआईए कर रही है और अब तक की जांच में पता चला है कि जम्मू कश्मीर के पपोर के सबूरा का रहने वाला कथित आरोपी आमिर राशिद के साथ मिलकर ही उमर नबी ने हमले की साजिश रची थी। हमले में इस्तेमाल की गई कार को खरीदने में आमिर ने ही उमर की मदद की थी। इसी कार का इस्तेमाल एक मूविंग आईईडी के तौर पर किया गया था।

### 'सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो अंबानी की जांच'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम), उसकी समूह संस्थाओं और उसके पूर्व प्रमोटर अनिल अंबानी से जुड़े एक बड़े बैंकिंग घोटाले की अदालत की निगरानी में जांच की माँग की गई है। इसमें धन के व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग, खातों में हेराफेरी और संस्थागत मिलीभगत का आरोप लगाया गया है। यह याचिका भारत सरकार के पूर्व सचिव ईएएस सरमा द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में दावा किया गया है कि सीबीआई द्वारा 21 अगस्त, 2025 को दर्ज की गई प्राथमिकी और उससे जुड़ी ईडी की कार्यवाही कथित गड़बड़ी का केवल एक अंश ही कवर करती है। इसमें कहा गया है कि विस्तृत फोरेंसिक ऑडिट और व्यापक धोखाधड़ी की ओर इशारा करने वाली स्वतंत्र रिपोर्टों के बावजूद, एजेंसियां बैंक अधिकारियों और नियामकों की भूमिका की जांच नहीं कर रही हैं।

### दिल्ली में ठंड का टूटा 3 साल का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ठंड अब प्रचंड हो चली है। दिल्ली में नवंबर की ठंड ने इस बार तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को दिल्ली में पारा नौ डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। यह पिछले तीन साल में नवंबर की किसी तारीख को सबसे कम तापमान का रिकॉर्ड है। नवंबर 2022 में पारा 7.3 डिग्री सेल्सियस तक गिरा था। मौसम विभाग के मुताबिक 2023 के नवंबर महीने में न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री और 2024 में 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इस साल तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री नीचे रहा, जिससे ठंड का असर साफ दिखा।





भावी सीजेआई ने महाराष्ट्र सरकार को दी चेतावनी

# 'न लें हमारा इम्तिहान, आरक्षण लिमिट पार की तो रोकेंगे चुनाव'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से कहा है कि अगले महीने होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी है कि अगर आरक्षण की इस सीमा का उल्लंघन हुआ, तो चुनाव पर रोक लगा दी जाएगी। इसी महीने देश के अगले मुख्य न्यायाधीश बनने जा रहे जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव 2022 की जे के बांठिया आयोग की रिपोर्ट से पहले की स्थिति के अनुसार ही कराए जा सकते हैं, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों में 27 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश की गई थी। इस पीठ में जस्टिस कांत के साथ जस्टिस जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे।



### नहीं चलेगी कोई दलील

महाराष्ट्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर पीठ ने मामले की सुनवाई 19 नवंबर के लिए तय की। पीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह 50 प्रतिशत की सीमा से आगे न बढ़े। शीर्ष अदालत ने कहा, 'अगर दलील यह है कि नामांकन शुरू हो गया है और अदालत को अपना काम रोक देना चाहिए, तो हम चुनाव पर रोक लगा देंगे। इस अदालत की शक्तियों का इम्तिहान न लें।'

मिलेंगे कई नए फीचर

# मस्क का एक्स चैट लांच वाट्सएप से होगा मुकाबला



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने नई मैसेजिंग सर्विस लॉन्च कर दी है, जिसका नाम एक्स चैट है। इसको सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ही यूज कर सकेंगे। चैट सर्विस का यूज करके मैसेजिंग ऐप वाट्सएप और देसी ऐप अराटाई को टक्कर देना चाहते हैं। इस मैसेजिंग सर्विस को कुछ नए फीचर्स के साथ पेश किया है। इसमें एंड टू एंड इनक्रिप्शन, एडवांस्ड मैसेजिंग कंट्रोल और अलग मैसेजिंग इनबॉक्स मिलेगा। इस फीचर के आने के बाद भी यूजर्स डीएम और न्यू मैसेजिंग सर्विस के तहत मिलने वाले मैसेज को अलग-अलग देखा जा सकेगा। एलन मस्क ने पोस्ट करके बताया है कि एक्स ने एक पूरी न्यू कम्युनिकेशन्स सर्विस को शुरू किया है। एनक्रिप्शन के साथ मैसेजिंग, ऑडियो, वीडियो और फाइल ट्रांसफर कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि एक्स मनी जल्द होगी जारी।

**एक्स मनी भी जल्द होगा लॉन्च** - एलन मस्क के पोस्ट से पता चलता है कि वे एक्स मनी को लेकर भी काम कर रहे हैं। यह एक मनी ट्रांसफर सर्विस होगी। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया है कि एक्स मनी को भारत में भी लॉन्च किया जाएगा या नहीं. भारत में मनी ट्रांसफर की सुविधा देने वाले ढेरों ऐप्स मौजूद हैं।

### एक्स चैट ऐसे करें यूज

एक्स चैट अभी सिर्फ आईओएस और वेब वर्जन पर मौजूद है। इसके लिए एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के डीएम सेक्शन में जाकर यूज किया जा सकता है। जल्द ही इसको एंड्रॉयड के लिए जारी किया जाएगा।

बिहार में सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू

# नीतीश ने विधानसभा भंग करने का दिया प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में नई सरकार के गठन की तैयारियां तेज हो गई हैं। नीतीश कुमार ने कैबिनेट मीटिंग के बाद राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की और यह सिफारिश की है कि 19 नवंबर को विधानसभा भंग कर दी जाए। विधानसभा भंग होने के बाद नीतीश कुमार सीएम पद से इस्तीफा देंगे।

बता दें, कैबिनेट की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर नीतीश कुमार को राज्यपाल से मिलकर मौजूदा विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव देने के लिए अधिकृत किया है। सूत्रों के अनुसार, 19 नवंबर को मौजूदा विधानसभा की अवधि समाप्त होने के बाद, राज्यपाल नए सरकार गठन के लिए एनडीए गठबंधन को औपचारिक निमंत्रण दे सकते हैं। नीतीश का राजभवन जाना इस बात का संकेत है कि सरकार गठन का खाका लगभग तय हो चुका है। बता दें, चुनाव परिणाम शुक्रवार को घोषित हुए थे। 243 सीटों वाली विधानसभा में एनडीए ने 202 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया है।



### राजद विधायक दल के नेता चुने गए तेजस्वी

तेजस्वी यादव को राजद विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। बिहार चुनाव में पार्टी को मिली करारी हार के कारणों को समझने के लिए राजद ने सोमवार को समीक्षा बैठक बुलाई थी। इस बैठक में हार के कारणों पर मंथन के साथ ही राघोपुर विधायक तेजस्वी को सर्वसम्मति से राजद विधायक दल का नेता चुना गया। जीते और हारे हुए प्रत्याशियों के साथ तेजस्वी के आवास पर हुई बैठक में लालू यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, जगदानंद सिंह, मंगनीराम मंडल सहित अन्य नेता मौजूद थे। तेजस्वी राघोपुर से विधायक बने हैं। मालूम हो कि बिहार चुनाव में 143 सीटों पर लड़ने वाली राजद को मात्र 25 सीटों पर जीत मिली है। इस करारी हार के बाद राजद के साथ-साथ लालू पार्टी में बड़ा बवाल मचा है।



पीएससी के माध्यम से दस चिकित्सा महाविद्यालयों के 35 विभागों में दूर होगी फैकल्टी की कमी

# शासकीय मेडिकल कालेजों में होगी 125 सहायक प्राध्यापकों की सीधी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करीब तीन साल इंतजार के बाद प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों की सीधी भर्ती होगी। दस मेडिकल कालेजों के 35 विभागों में भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है। सहायक प्राध्यापकों की उपलब्धता होने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग में चिकित्सा शिक्षकों की पदोन्नति के रास्ते भी खुलेंगे।

सहायक प्राध्यापकों की भर्ती होने से मेडिकल कालेजों में अध्यापन व्यवस्था सुदृढ़ होगी साथ ही संबंधित अस्पतालों में आने वाले मरीजों को बीमारी के इलाज के लिए विशेषज्ञ डाक्टर मिलेंगे। राज्य में दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय है जहां करीब तीन साल से विभिन्न तकनीकी कारणों से फैकल्टी की सीधी भर्ती नहीं हुई थी। सहायक प्राध्यापकों की भर्ती नहीं होने की वजह फैकल्टी के प्रमोशन का मामला भी अटका था। अब राज्य शासन द्वारा 125 पदों पर सीधी भर्ती की घोषणा के बाद चिकित्सा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं का समाधान होने की संभावना है। शासन द्वारा लिए गए फैसले से चिकित्सा महाविद्यालयों में पैथोलॉजी, मेडिसिन, सर्जरी, बालरोग, रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया, गायनेकोलॉजी, कम्युनिटी




मेडिसिन, फॉरेंसिक मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, फिजियोलॉजी, एनाटॉमी जैसे प्रमुख विभाग में चिकित्सा विशेषज्ञों की कमियां दूर होगी। सीधी भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है। इसमें ऑनलाइन आवेदन दिनांक 25 नवंबर से 24 दिसंबर तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा उपलब्ध लिंक पर किए जा सकेंगे। सहायक प्राध्यापक के 125 पदों में 45 अनारक्षित, 21 अजा, 43 अजजा, 16 अपवि वर्ग के अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया गया है।

## स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार मजबूत होगा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे प्रदेश के भविष्य के डॉक्टरों को उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रही है और यह भर्ती प्रदेश के लाखों नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार मजबूत करेगी। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर सहायक प्राध्यापकों की भर्ती से मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी दूर होगी, जिससे छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता भी बढ़ेगी। इस भर्ती प्रक्रिया से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में लंबे समय से रिक्त पड़े पद भरेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा।

## आधे सहायक प्राध्यापक के भरोसे कालेज

वर्तमान में संचालित दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के कुल 644 पद स्वीकृत है। इनमें 312 पदों पर नियमित और संविदा आधार पर चिकित्सा शिक्षक कार्यरत है। 332 पद रिक्त है जिसमें से 125 पदों की पूर्ती होने के बाद चिकित्सा शिक्षा के स्तर में काफी सुधार होगा।कालेजों को नई फैकल्टी मिलने के बाद अन्य पदों की कमियां भी दूर होंगी।

# एसआई बन कर डकैती डालने वाली हिस्ट्रीशीटर सहित पांच गिरफ्तार


गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फर्जी एसआई बन कर रिश्ते में भाई बहन को बंधक बनाकर डकैती डालने के आरोप में पुलिस ने महिला हिस्ट्रीशीटर सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक नाबालिग शामिल है। घटना मुजगहन थाना क्षेत्र कमल विहार में रविवार देर रात की है। बदमाशों ने युवक तथा युवती को चाकू की नोक पर नकदी सात हजार रुपए लूटने के बाद एटीएम ले जाकर जबरन 25 हजार रुपए आहरण कराए। डकैती डालने के बाद पीड़ितों के हाथ पैर बांध कर बदमाश फ्लैट बंद कर फरार हो गए।

■ मुजगहन थाना क्षेत्र की घटना, युवती बीमार भाई को खाना देने गई थी

रोशिता टिर्की की शिकायत पर पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र की हिस्ट्रीशीटर पूजा सचदेव, आसीमा राव, निखिल सचदेव, अंकित सोनी तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। रोशिता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि घटना दिनांक को वह अपने रिश्ते के भाई, जिसकी तबीयत खराब है, उसके लिए वह अपनी छोटी बहन के साथ खाना देने के साथ गरम कपड़े देने कमल विबाह स्थित कृष्णा हाईट्स गई थी। रोशिता अपने भाई को खाना देकर नीचे उतर रही थी। इस दौरान पूजा ने अपने साथियों के साथ रोशिता को घेर लिया और अपना परिचय एसआई के रूप में दिया। फर्जी परिचय देने के बाद पूजा ने रोशिता तथा उसकी बहन पर गलत काम करने का आरोप लगाया और रोशिता तथा उसकी बहन को उसके भाई के फ्लैट में ले गए।



### सीसीटीवी से पकड़े गए बदमाश

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने कमल विहार तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। फूटेज में पूजा सचदेव के देखे जाने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में पूजा ने अपने भाई तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर डकैती करने का अपराध कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने अन्य आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया।

### चाकू की नोक पर मारपीट करने के बाद डकैती

रोशिता तथा उसकी बहन के फ्लैट में ले जाने के बाद पूजा तथा उसके साथियों ने शराब के नशे में मारपीट की। इस दौरान रोशिता का भाई बीच-बचाव करने के लिए आया, तो एक बदमाश ने जेब से चाकू निकालकर रोशिता के भाई के गले में टिका दिया और उनसे दो लाख रुपए देने की मांग की। पैसा नहीं होने की बात कहने पर बदमाशों ने रोशिता के भाई के पर्स से जबरन सात हजार रुपए लूटने के बाद रोशिता तथा उसके भाई को एटीएम बूथ ले गए और उनके अकाउंट से जबरन रुपए निकलवाए। इसके बाद बदमाशों ने रोशिता और उसके भाई को फ्लैट में ले जाकर पुनः मारपीट की और तीनों भाई बहनों के हाथ, पांव रस्सी से बांध दिए। इसके बाद तीनों को कमरे में बंद कर रोशिता के भाई की स्कूटर तथा अन्य घरेलू सामान लेकर मौके से फरार हो गए।

### चर्चित संतोष दुबे हत्याकांड की मास्टर माइंड

कोतवाली थाना क्षेत्र में वर्ष 2017 में पूजा सचदेव ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हिस्ट्रीशीटर संतोष दुबे की बेरहमी के साथ हत्या कर दी थी। पूजा तथा उसके अन्य साथियों को वर्ष 2019 में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पूजा तथा उसके साथी ने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। हिस्ट्रीशीटर पूजा वर्तमान में जमानत पर रिहा है।

# अब पवन साय को बंगाल चुनाव में 56 विधानसभाओं की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय को बंगाल चुनाव के लिए 56 विधानसभाओं के एक जोन की जिम्मेदारी दी गई है। एक बार वहां का दौरा करने के बाद अब वे एक बार फिर से मंगलवार को अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभा के जोन में जा रहे हैं। वे वहां पर आने वाले समय में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाने का काम करेंगे। बंगाल में अलग-अलग जोन बनाकर करीब आधा दर्जन राज्यों के संगठन महामंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई है।



■ विधानसभाओं में स्थानीय नेताओं के साथ बैठक लेकर बनाएंगे रणनीति

बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद अब भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का बड़ा फोकस बंगाल चुनाव पर है। अगले साल मार्च-अप्रैल में वहां पर चुनाव संभावित है। भाजपा ने अभी से इसको लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी है। वैसे भी भाजपा हमेशा से किसी भी राज्य में चुनाव से काफी पहले तैयारी प्रारंभ कर देती है। बिहार चुनाव में भी भाजपा ने काफी पहले से तैयारी की थी। प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल को वहां पर 50 विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी। श्री जामवाल बिहार में चार माह तक रहे और अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में लगातार बैठकें लेकर रणनीति बनाने का काम किया। इसका परिणाम यह रहा कि 50 सीटों में से 25 सीटों में भाजपा के प्रत्याशी मैदान में उतारे गए तो इसमें से 23 सीटों में भाजपा के प्रत्याशियों को जीत मिली।

## अब पवन साय पर भरोसा

भाजपा का राष्ट्रीय संगठन लगातार प्रदेश के नेताओं पर भरोसा कर रहा है। बिहार चुनाव में प्रदेश के जिन भी नेताओं को वहां पर विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी गई थी, उन सभी में भाजपा के प्रत्याशी जीते। अब राष्ट्रीय संगठन प्रदेश के नेताओं को बंगाल की भी जिम्मेदारी देगा। पहले चरण में प्रदेश के संगठन महामंत्री पवन साय को वहां पर एक जोन की 56 विधानसभाओं का जिम्मा देकर अभी से रणनीति बनाने का काम दिया है। श्री साय एक बार बंगाल का करीब एक सप्ताह का दौरा करके आ चुके हैं। अब फिर से वे मंगलवार को बंगाल जा रहे हैं। इस बार के दौरे में वे लगातार विधानसभाओं में बैठकें लेकर वहां पर भाजपा की स्थिति जानेंगे और उसके हिसाब से वहां पर जीत की रणनीति बनाई जाएगी।

# छत्तीसगढ़ में दो दिन में सवा लाख क्विंटल धान खरीदी, उधर अवैध घुसपैठ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पहले दो दिन में सवा लाख क्विंटल के पार हो गई है। खास बात ये है कि इस समय धान खरीदने वाली सोसाइटियों के प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर आपरेटर बेमुद्दत हड़ताल पर हैं, सरकार अन्य विभागों के अफसर कर्मियों को तैनात कर खरीदी करवा रही है। इससे अलग राज्य के सीमावर्ती इलाकों से अवैध धान की घुसपैठ भी तेज हो गई है, इसे रोकने के लिए राज्य स्तर पर सख्त निगरानी रखने एवं अवैध परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

राज्य सरकार के आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि हड़ताल की बाधा के बावजूद वैकल्पिक व्यवस्था के साथ धान खरीदी जारी है। इस संबंध में सरकार राज्य के सभी कलेक्टरों के सीधे संपर्क में है, किसी भी जिले या सोसाइटी स्तर से आने वाली सूचना पर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन धान की अवैध घुसपैठ जारी है। एक तरफ सरकार बाधाओं के बीच भी किसानों को सबसे अहम मानते हुए धान खरीदी सुचारू करने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है, लेकिन इसके साथ ही सीमावर्ती राज्यों से छत्तीसगढ़ में कोचिया और तस्कर अवैध धान लाकर खपाने की कोशिश कर रहे हैं। इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



### झारखंड की सीमा पर निगरानी

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ ही कुछ क्षेत्रों में अवैध धान परिवहन की संभावनाओं को रोकने राज्य भर में प्रशासन सख्त हो गया है। इसी क्रम में जशपुर जिला कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने जशपुर जिले का झारखंड सीमा से लगे चेकपोस्टों पर देर रात औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की।

### सीएम साय के हैं सख्त निर्देश

राज्य में प्रारम्भ हुई धान खरीदी के मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्य के सभी अंतर्राज्यीय सीमाओं पर धान के अवैध परिवहन पर सख्त निगरानी रखने एवं अवैध परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले में कलेक्टर तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में खाद्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से हो रहे अंतर्राज्यीय धान परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को जप्त किया है। 15 नवम्बर को महिंद्रा पिकअप वाहन से 27.20 क्विंटल धान महाराष्ट्र के ग्राम मुरूमगांव निवासी तरुण यादव द्वारा औंधी लाया जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने वाहन को रोककर धान ज़ब्त किया तथा पूरे प्रकरण को थाना औंधी को सुपुर्द किया। 16 नवम्बर को चिल्हाटी क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने सचदेव फूड प्रोडक्ट, रायपुर द्वारा महाराष्ट्र से चिल्हाटी लाए जा रहे 309 क्विंटल धान वाहन क्रमांक सीजी 16 सीजे 8710 से जप्त किया, जिसे कार्रवाई हेतु थाना चिल्हाटी को सौंपा गया।

# पीएम सूर्य घर योजना में आवेदन एक लाख के पार, सोलर पैनल लगाने की रफ्तार मंद, सिर्फ साढ़े 12 हजार लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में आवेदन थोक में आने लगे हैं। इस समय आवेदन एक लाख के पार हो गए हैं, लेकिन जहां तक घरों में सोलर पैनल लगाने का सवाल है, तो अब तक महज साढ़े 12 हजार घरों की छतों पर ही सोलर पैनल लग सके हैं।

वेंडरों को हर हाल में 15 दिनों में सोलर पैनल लगाने का फरमान भी जारी किया गया है, लेकिन कहीं तकनीकी परेशानी तो कहीं उपभोक्ताओं को ऋण न मिलने के कारण से सोलर पैनल लगाने में विलंब हो रहा है। वैसे बीते साढ़े तीन माह में 9 हजार से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगे हैं। ऐसे में हर माह तीन हजार के आसपास सोलर पैनल लग रहे हैं। इस रफ्तार को बढ़ाने की कवायद में पॉवर कंपनी जुटी है। वेंडरों की संख्या को भी ढाई सौ से बढ़ाकर साढ़े पांच सौ कर दिया गया है। प्रदेश में दो साल में सवा लाख घरों में सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रारंभ में जब इस योजना के प्रति उपभोक्ताओं का रुझान कम था तो प्रदेश सरकार ने जहां राज्य की सब्सिडी का भी ऐलान किया है, वहीं बिजली बिल हॉफ योजना का दायर भी अगस्त से 400 यूनिट से कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। सरकार ने इसको लेकर नारा दिया है बिजली बिल हॉफ से मुफ्त बिजली की ओर।

■ साढ़े तीन माह में लगे 9 हजार के आसपास

## 12 फीसदी ही लगे सोलर पैनल

प्रदेश सरकार की सब्सिडी के बाद आवेदनों की रफ्तार में तो भारी इजाफा हो गया है, पर सोलर पैनल लगाने की रफ्तार मंद है। जुलाई तक महज 50 हजार के आस-पास ही आवेदन थे और चार हजार से भी कम घरों में सोलर पैनल लग सके थे। अगस्त से आवेदनों की रफ्तार ऐसी बढ़ी है कि इस समय आवेदन एक लाख 6523 हो गए हैं। लेकिन सोलर पैनल अब तक महज 12708 ही लग सके हैं। इसका प्रतिशत 12 के आस-पास ही है। वैसे पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि अगस्त के बाद अब तक करीब साढ़े तीन माह में 9 हजार घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। कम सोलर पैनल लगने के पीछे का कारण यह बताया जा रहा है कि उपभोक्ता और वेंडरों के बीच तकनीकी समस्या के साथ ही बैंकों से समय पर ऋण का न मिलना अहम है।



## सब्सिडी एक से डेढ़ माह में

उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी मिल रही है। जहां केंद्र सरकार की सब्सिडी एक माह के अंदर आ जा रही है, वहीं केंद्र सरकार की सब्सिडी के बाद राज्य सरकार की सब्सिडी मिलने में 10 से 15 दिन और लग जाते हैं। ऐसे में डेढ़ माह के अंदर केंद्र और राज्य सरकार की सब्सिडी मिल जा रही है।

### तेज होगी रफ्तार

योजना में पहले ढाई सौ वेंडर थे, अब इनकी संख्या साढ़े पांच सौ कर दी गई है। आने वाले समय में सोलर पैनल लगाने की रफ्तार तेज होगी।

\- **भीम सिंह कंवर**, एमडी, पॉवर वितरण कंपनी

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
**OFFICE OF CHIEF ENGINEER (CIVIL)** Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146
**No.-04-01/Trans./Works/4025** **Raipur, dtd. 13.11.2025**

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited from eligible/experienced contractors for following works:-
**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/79, Rfx No.- 8100046320,** Construction of chain link mesh fencing between EHT store and 220 KV S/s Colony CSPTCL Raigarh.; **NIT Value:-** Rs. 5.37 Lakhs **EMD:-** Rs 5,400/-, **Completion Period:-** 02 Months.**2.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/80, Rfx No.- 8100046527 ,** Repair and maintenance of road side open drain main approach road for old 132 KV S/s Colony CSPTCL, Raigarh.; **NIT Value:-**Rs. 6.50Lakhs **EMD:-** Rs 6,500/-, **Completion Period:-** 03Months.**3.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/81, Rfx No.- 8100045846,** Construction of RCC Road with drain between proposed 220/132/33 KV S/s at kanker to Village-Pandarwahi on demand of Gram Sabha.; **NIT Value:-**Rs. 34.20 Lakhs **EMD:-** Rs 34,200/-, **Completion Period:-** 03 Months.**4.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/82, Rfx No.- 8100047491,** Landscaping work along the outer boundary of CSPC Premises, Danganiya.; **NIT Value:-** Rs. 36.51 Lakhs **EMD:-** Rs 36,600/-, **Completion Period:-** 01 Months.**5.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/83, Rfx No.- 8100046688,** Various repair and maintenance works of control room building at 220/132/33 KV S/s Bhilai-03.; **NIT Value:-** Rs. 5.48 Lakhs **EMD:-** Rs 5,500/-, **Completion Period:-** 02 Months.**6.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/84, Rfx No.- 8100047094,** Construction of 2.40 m High boundary wall in place of dismantled boundary wall at 400 KV S/s Khedamara.; **NIT Value:-** Rs. 9.27 Lakhs **EMD:-** Rs 9,300/-, **Completion Period:-** 03 Months.**7.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/85, Rfx No.- 8100046949,** Construction of 2.40 m height boundary wall for isolating 132 KV S/s yard from area store at 132 KV S/s Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 18.28 Lakhs **EMD:-** Rs 18,300/-, **Completion Period:-** 03 Months.**8.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/86, Rfx No.-8100047310,** Construction of cement concrete shoulders along the existing CC road in 400/220 KV Switch yard at 400 KV S/s Parchanpal Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 12.79 Lakhs **EMD:-** Rs 12,800/-, **Completion Period:-** 03 Months.**9.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/25-26/87, Rfx No.- 8100047312,** Construction of Drain for rain water disposal from 220 KV S/s yard Barsoor.; **NIT Value:-** Rs. 17.21 Lakhs **EMD:-** Rs 17,300/-, **Completion Period:-** 03 Months.

Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, 02, 05, 06, 07, 08, 09 is Rs.2000/- (i/c GST); Sl. No.- 03, 04 is Rs.5000/- (i/c GST).** Last date for submission of bids upto 12:15 Hrs. on **dt. 10.12.2025 for Sl. No.- 01, 02; dt. 11.12.2025 for Sl. No.- 03, 04; dt. 12.12.2025 for Sl. No.- 05, 06; dt. 15.12.2025 for Sl. No.- 07,08; dt. 16.12.2025 for Sl. No.- 09.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal.

**(Sanjay Tiwari)**
**SAVE ELECTRICITY** **Chief Engineer (Civil) CSPTCL, Raipur**



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भारत-साउथ अफ्रीका...

स्टेडियम आना होगा, जो 24 नवंबर से वितरित किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने सोमवार को टिकट बिक्री और दरों को लेकर विस्तृत जानकारी दी है। इस मैच के लिए कुल 46 हजार टिकट बेचे जाएंगे, जिसमें 1500 टिकट स्टूडेंट्स के लिए आरक्षित हैं। छात्रों को यह टिकट 800 रुपए में मिलेगा, जबकि पिछली बार यह 1000 रुपए का था। इसके लिए आइडी कार्ड देना होगा। टिकट दरें तीन वर्गों में बांटी गई हैं। अपर 1500 व लोअर 2500, लोअर-5- 3500, सिल्वर 6000, गोल्ड 8000, प्लेटिनम 10,000 व कॉर्पोरेट बॉक्स 20,000 है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने टिकट प्रक्रिया और दर्शक सुविधाओं को पहले से बेहतर बनाने की बात कही है, जिससे दर्शक बिना किसी परेशानी के मैच का आनंद ले सकें। **अब कम चलना पड़ेगा दर्शकों को**-वनडे मैच के दौरान इस बार दर्शकों को गाड़ी पार्किंग के बाद स्टेडियम तक ज्यादा दूर नहीं चलना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने पार्किंग व्यवस्था में बदलाव किया है। अब हर दर्शक की गाड़ी उसी गेट के पास पार्क होगी, जिससे उसकी एंट्री है। संघ के मुताबिक, सभी ब्लॉक्स के लिए रूट अनुसार पार्किंग स्पॉट तय किए गए हैं ताकि दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश के लिए लंबा रास्ता न तय करना पड़े। इस बार पार्किंग की जिम्मेदारी स्थानीय ग्राम पंचायतों को सौंपी गई है। फिलहाल पार्किंग शुल्क तय नहीं किया गया है, लेकिन संघ ने भरोसा दिलाया है कि रेट सामान्य और सबके लिए समान रहेगा। **मैच में जनरेटर से जलेगी फ्लड लाइट**-वर्तमान समय में स्टेडियम में फ्लड लाइट जलाने बिजली का कनेक्शन नहीं है। केवल जनरल कनेक्शन 200 किलोवाट का है। फ्लड लाइट (100 केवी) प्रत्येक हाई मास्ट लाइट के लिए स्टेडियम में 6 हाई मास्ट लाइट लगे हैं, जलाने के लिए ही केवल 600 केवी की जरूरत होगी। इसलिए पूरा मैच जनरेटर में कराया जाएगा। जनरेटर से वनडे मैच कराने में 2.50 लाख रुपए से ज्यादा प्रतिदिन का खर्च आएगा।

### इंडोर स्टेडियम में...

हुए इस बार इंडोर स्टेडियम में 8 काउंटर लगाए जा रहे हैं। साथ ही, संघ प्रयास कर रहा है कि बिलासपुर और दुर्ग-भिलाई जैसे प्रमुख शहरों में भी फिजिकल टिकट वितरण के काउंटर खोले जाएं, ताकि दूरदराज के दर्शकों को रायपुर आने की आवश्यकता न पड़े और उन्हें आसानी से टिकट मिल सके।

### मैच के दौरान...

रुपये, पॉपकॉर्न 60 रुपये, स्वीटकॉर्न 60 रुपये और बिरयानी 150 रुपये में मिलेगी। चिप्स और आइसक्रीम एमआरपी पर उपलब्ध होंगे। संघ ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कोई भी वेंडर तय रेट से अधिक कीमत पर सामान न बेचे। सभी वेंडर गले में रेट लिस्ट लटकाए रहेंगे ताकि दर्शकों को दाम की जानकारी आसानी से मिल सके।

### बांग्लादेश की पूर्व...

हटाना चाहते हैं और अवामी लीग को एक राजनीतिक ताकत के रूप में खत्म करना चाहते हैं। हसीना ने कहा कि वह उनपर 'आरोप लगाने वालों' का सामना उचित न्यायाधिकरण में करने से नहीं डरतीं, जहां साक्ष्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन और परीक्षण किया जा सकता है। उन्होंने कहा, इसीलिए मैंने अंतरिम सरकार को बार-बार चुनौती दी है कि वह इन आरोपों को हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के समक्ष लाए।यह फैसला बांग्लादेश में संसदीय चुनावों से कुछ महीने पहले आया है। हसीना की अवामी लीग पार्टी को फरवरी में होने वाले चुनावों में भाग लेने से रोक दिया गया है। ढाका में कड़ी सुरक्षा वाले अदालत कक्ष में फैसला पढ़ते हुए न्यायाधिकरण ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने बिना किसी संदेह के यह साबित कर दिया है कि पिछले साल 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शनों पर घातक कार्रवाई के पीछे हसीना का ही हाथ था। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 'जुलाई विद्रोह' के नाम से, करीब एक महीने तक चले आंदोलन के दौरान 1,400 लोग मारे गए थे। हसीना को निहत्थे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ घातक बल प्रयोग का आदेश देने, भड़काऊ बयान देने और ढाका तथा आसपास के इलाकों में कई छात्रों की हत्या के लिए अभियान चलाने की अनुमति देने के लिए मौत की सजा सुनाई गई है। हाल ही में मीडिया साक्षात्कारों में हसीना ने आईसीटी को उनके विरोधियों द्वारा संचालित "कंगारू कोर्ट" बताया था। 'कंगारू कोर्ट' शब्द एक मुहावरे के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है जिसका प्रयोग ऐसी अदालतों के लिए किया जाता है जिनकी कार्यवाही स्वीकृत कानूनी मानदंडों से इतनी अलग हो जाती है कि उसे निष्पक्ष या न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। आईसीटी की स्थापना मूल रूप से 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना के कट्टर सहयोगियों पर मुकदमा चलाने के लिए की गई थी, लेकिन वर्तमान प्रशासन ने इसमें संशोधन करके हसीना सहित पिछली सरकार के नेताओं को इसके अधिकार क्षेत्र में ला दिया। हसीना शासन के पतन के बाद से अधिकांश अवामी लीग नेता या तो गिरफ्तार कर लिए गए हैं या देश छोड़कर भाग गए हैं। आईसीटी ने कहा कि भड़काऊ बयानों के माध्यम से हिंसा भड़काने और प्रदर्शनकारी छात्रों पर हमला करने वाले अपराधियों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने से हसीना ने मानवता के खिलाफ अपराध किया है। इसमें कहा गया है कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर हेलीकॉप्टरों और घातक हथियारों के इस्तेमाल का भी आदेश दिया।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

### पंचायत सचिव से...

मौके से रकम, दस्तावेज और मोबाइल जब्त किया गया। बताया जा रहा है कि एसीबी की टीम दोपहर करीब डेढ़ बजे छिंदगढ़ मुख्यालय के आरईएस कॉलोनी स्थित सब इंजीनियर प्रदीप बघेल के सरकारी क्वार्टर पहुंची। सब इंजीनियर बघेल एक कार्य का भुगतान करने के एवज में रिश्वत की रकम मांग रहे थे। शिकायत की पुष्टि होने पर टीम ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई और उसे पकड़ा गया। आरोपी को विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा में पेश किया जाएगा।**भवन निर्माण के लिए भी मांगे थे 40 हजार**-बताया जा रहा है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा का उप अभियंता वर्ष 2023-24 में जनपद पंचायत छिंदगढ़ में 6 लाख की लागत से पुलिया निर्माण के लिए स्वीकृति मिली थी। जिसका निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त कार्य का मूल्यांकन रिपोर्ट देने के लिये प्रदीप कुमार बघेल उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय जनपद पंचायत छिंदगढ़ से मिलने पर उसके द्वारा उक्त कार्य के एवज में प्रार्थी से 30 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। इसके अलावा रिश्वतखोर सब इंजीनियर द्वारा पुराने भवन के मूल्यांकन का भी 40 हजार रुपए अतिरिक्त कमीशन मांगा गया था। **चल अचल संपति व दस्तावेजों की हो रही जांच**-आरोपी उप अभियंता प्रदीप कुमार बघेल को उनके घर में प्रार्थी से प्रथम किश्त के रूप में 30 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान सर्च में उनके घर से चल-अचल तथा निवेश संबंधी दस्तावेज मिले हैं। जिसकी जांच करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। -रमेश मरकाम, डीएसपी, एंटी करप्शन ब्यूरो जगदलपुर

### मांगी थी...

इंजीनियर बघेल को देने के लिए हाथ बढ़ाया रकम हाथ में लेते ही बघेल को एसीबी की टीम ने धर दबोचा।

### बीएएमएस आयुष मंत्रालय...

संचालित किया जाता है। आयुर्वेद चिकित्सा पर भारत ही नहीं दुनियाभर का भरोसा बढ़ा है। लोगों में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को लेकर रुझान बढ़ा है। हरिभूमि की नीति सदैव आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के पक्ष में रही है। प्रकाशित समाचार में हेडिंग की वजह से आयुर्वेद चिकित्सकों को जो मानसिक संताप हुआ उसके लिए हमें खेद हैं।

### हाईकोर्ट के महाधिवक्ता...

राज्यपाल से करने के लिए आभार माना है। श्री भारत ने इसका कोई विशेष कारण नहीं बताया है। गौरतलब है कि राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद जनवरी 2024 में प्रफुल्ल भारत को महाधिवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया था। प्रफुल्ल एन भारत 2018 में विधानसभा चुनाव तक उप महाधिवक्ता रहे। लेकिन सत्ता परिवर्तन हुआ और राज्य में कांग्रेस की सरकार आई, तो उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### सोसाइटी हड़ताल का...

अब 7 अतिरिक्त दिन बीत चुके हैं। खाद्य संचालक ने कलेक्टरों को जारी आदेश में कहा है कि हड़ताल कर रहे दुकानों पर कार्रवाई करना है साथ ही जहां राशन नहीं बंटा है वहां पंचायतों या स्व सहायता समूहों के माध्यम से बंटवाने की व्यवस्था करनी है। जारी करें शोकाज नोटिस- जिले में सहकारी समितियों लेम्पस, पैक्स समितियों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत अति आवश्यक सेवाओं को बाधित करने तथा खाद्यान्न वितरण नहीं किए जाने की अनियमितता के लिए तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी कराकर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने कहा गया है। इन जिलों का बुरा हाल- कवर्धा 204, बलौदाबाजार 231, धमतरी 247, गरियाबंद 213, महासमुंद 435, रायपुर 218 दुकानें ऐसी हैं, जहां राशन नहीं बंटा है। इनके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में दर्जनों दुकानों में यही स्थिति है। हालांकि कुछ जिलों जैसे बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, गौरेला पेंड्रा मरवाही, मुंगेली, जशपुर,कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी, भरतपुर जिले में सभी दुकानों में राशन वितरण हो रहा है। बताया गया है कि वहां सोसाइटी संचालक राशन भी बांट रहे हैं और हड़ताल में भी शामिल हो रहे हैं। गांवों में होगी मुनादी राशन बांटने की- खाद्य संचालक ने कलेक्टरों से कहा है कि उनके जिले में सहकारी समितियों लेम्पस,पैक्स समितियों द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकानों में माह नवंबर, 2025 का खाद्यान्न वितरण ग्राम पंचायत,महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से तत्काल प्रारंभ कराया जाये। इन ग्रामों में मुनादी कराकर राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण की जानकारी दी जाए।

### सहकारी समिति...

साहू को बर्खास्त किया गया है। इसी तरह कसडोल विकासखंड के समिति गिरौद के विक्रेता नन्द कुमार पटेल, हसुआ के विक्रेता गोकुल प्रसाद साहू, थरगांव के विक्रेता ललित साहू, कटगी के विक्रेता रामस्वरूप यादव, चिखली के विक्रेता खेलसिंग कैवर्त्य कोसमसरा के विक्रेता अमित साहू, सरखोर के विक्रेता भीम साहू, लवन के विक्रेता रविकमल को बर्खास्त किया गया है।

### टैंकर से टकराई...

पहले एक तेल टैंकर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में केवल एक व्यक्ति जीवित बचा है और उसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मदीना में हुए बस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने लिखा कि भारतीय अधिकारी सऊदी अरब के अधिकारियों के साथ निकट संपर्क में हैं। सज्जनार ने कहा, हमें सूचना मिली है कि 45 लोग मारे गए हैं। वे 23 नवंबर को हैदराबाद लौटने वाले थे। तेलंगाना के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन ने प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि मृतकों की संख्या लगभग 47-48 बताई जा रही है। अजहरुद्दीन ने कहा कि शव इतनी बुरी तरह जल चुके हैं कि उनकी शिनाख्त करना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि जायरीनों ने चार अलग-अलग ट्रैवल एजेंट की सेवाएं ली थीं। मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने सऊदी अरब की यात्रा में पीड़ितों के परिजनों की मदद करने का आश्वासन दिया है, जिसमें पासपोर्ट और वीजा सुविधा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि हर पीड़ित के परिवार के एक सदस्य को सऊदी अरब भेजा जाएगा। हैदराबाद निवासी मुफ्ती आसिफ ने बताया कि उसके परिवार के सात सदस्य उमराह करने सऊदी अरब गए थे। आसिफ ने हादसे से जुड़ी तस्वीरें मिलने की पुष्टि की। उसने तेलंगाना सरकार से सऊदी अरब की यात्रा में सहयोग करने का आग्रह किया, ताकि वह दुख की इस घड़ी में अपने परिवार के सदस्यों को सहारा दे सके। शहर के एक अन्य निवासी मोहम्मद सलमान ने बताया कि उसके परिवार के छह सदस्य हादसे की शिकार हुई बस में सवार थे। सलमान के मुताबिक, उसने जब परिजनों से आखिरी बार संपर्क किया था, तब वे मदीना से दो घंटे की दूरी पर थे। हैदराबाद निवासी मोहम्मद बुरहान ने बताया कि हादसे में जीवित बचने वाला एकमात्र शख्स शोएब खिड़की के शीशे तोड़कर बस से बाहर कूदने में सफल रहा, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि, इस दौरान उसके दोनों हाथ जल गए। बुरहान ने बताया कि उसने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी को फोन कर हादसे की जानकारी दी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को सऊदी अरब में हुई बस दुर्घटना के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यह दुर्घटना उस समय हुई, जब बस मक्का से मदीना जा रही थी। सरकार ने दुर्घटना में शामिल लोगों के परिवारों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए सचिवालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर उपलब्ध कराए हैं। एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दुर्घटना में हैदराबाद के कई निवासियों की मौत की खबर पर दुख जाहिर किया। एआईएमआईएम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ओवैसी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से मृतकों के शवों को वापस लाने और घायलों का इलाज कराने में मदद देने का आग्रह किया है। **भारतीय दूतावास कर रहा मदद**- जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि वह और रियाद स्थित दूतावास पीड़ित परिवारों की पूरी मदद कर रहे हैं। महावाणिज्य दूतावास ने कहा, दूतावास और वाणिज्य दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवारों के साथ समन्वय के लिए तेलंगाना राज्य के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में भी हैं।

### भाभी के जरिए...

करती रही। आरोपियों ने धमकी देकर महिला से रेप कर फरार हो गए। इस पूरे मामले में आरोपी महिला ने आरोपियों का साथ दिया। पीड़िता का पति प्राणघातक हमला करने के आरोप में जेल में बंद है। पति ने ही पहले दोस्तों से संपर्क में रहने की बात कही थी। परेशान होकर पीड़िता भिलाई नगर पुलिस थाने पहुंची। मामले में पुलिस ने तीनों के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया। पुलिस ने आरोपी रामा, नकुल को पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस ने आरोपियों का सहयोग करने वाली महिला को भी गिरफ्तार किया।

### सहकारी समिति के...

मूलचंद वर्मा, रोहांसी समिति प्रबंधक धर्मेन्द्र साहू, समिति प्रबंधक तिल्दा रामकुमार साहू को बर्खास्त किया गया है। इसी तरह कसडोल विकासखंड के समिति गिरौद के विक्रेता नन्द कुमार पटेल, हसुआ के विक्रेता गोकुल प्रसाद साहू, थरगांव के विक्रेता ललित साहू, कटगी के विक्रेता रामस्वरूप यादव, चिखली के विक्रेता खेलसिंग कैवर्त्य कोसमसरा के विक्रेता अमित साहू, सरखोर के विक्रेता भीम साहू, लवन के विक्रेता रविकमल को बर्खास्त किया गया है।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श–राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है-वेलनेस शॉपी में बिलिंग, प्रोडक्ट देने हेतु एक कम्प्यूटर अनुभवी नवयुवक, एक अनुभवी फील्ड मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, मैनेजर लड़का चाहिए सम्पर्क करें- शाम 6 से 10बजे शॉप नं-2, अरपा कॉम्प्लेक्स पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 98930 81826, 7067124226 (39179)

आवश्यकता है-घरेलू एवं ऑफिस के ऊपरी कार्य हेतु एक लड़का चाहिए (जिसे खाना बनाना, बाइक चलाना आता हो) एवं एक मेल कुक चाहिए सम्पर्क करें- पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9893081826, 7067124226 (39180)

आवश्यकता है-कम्प्यूटर शॉप में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार जिन्हें सेल्स, सीसीटीवी, कम्प्यूटर का अनुभव हो सम्पर्क करें- ब्लू डॉल्फिन कम्प्यूटर मगरपारा रोड बिलासपुर 7000721369 (39182)

आवश्यकता है- Puniform Texmart में सिलाई कार्य के लिए 6 दर्जी (Tailor) 2 मास्टर चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- महामाया विहार वेयर हाउस रोड बिलासपुर 9406351753, 8889990201, 9111002777 (39181)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए लड़का, लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमित थ्रेड गोल बाजार बिलासपुर 91111 51750 (39174)

आवश्यकता है-OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियों की। योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000 रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021 (39183)

आवश्यकता है-थोक दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- धनवन्तरी मेडिको ट्रेडर्स मसानगंज बिलासपुर 98271 23009 (39169)

आवश्यकता है-ऑफिस बॉय एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता। रहने और खाने की सुविधा सहित। सुपरवाइजर को इलेक्ट्रिक तथा बेसिक ज्ञान होना आवश्यक। मेहनती और जिम्मेदार व्यक्ति तुरन्त सम्पर्क करें-6264315731 (39153)

आवश्यकता है-विज्ञापन एजेन्सी में डिजाईनर (कोरल ड्रा), इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाईजर, ड्राईवर एवं माउंटर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी 15, ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 62645 50163, 7024728674 (39165)

आवश्यकता है-हाऊस कीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्यॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड-10, वार्डब्यॉय-10, ऑफिस ब्यॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000-10000 पता-डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 (39144)

आवश्यकता है-नवजात शिशु एवं माँ की मालिश हेतु अनुभवी 35 से 50वर्ष महिला चाहिए। वेतन 15000 से 20000 भोजन मुफ्त छत्तीसगढ़ में तुरन्त आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 (39178)

आवश्यकता है-यश सुपर बाजार में कम्प्यूटर आपरेटर (लड़का) सेल्स के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी सम्पर्क करें-रिंग रोड नम्बर 2, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9981063081 (39155)

आवश्यकता है-नवजात शिशु की देखभाल हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109167378 (39177)

आवश्यकता है-प्रिंटिंग युनिट हेतु कोरल ड्रा डिजाइनर 2 पद, ऑफिस ब्वॉय 3 पद एवं बाईन्डर 2 पद की आवश्यकता है वेतन 10000 सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष काम्पलेम्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 (39154)

आवश्यकता है-सीए आफिस में ड्राइवर कम चपरासी योग्यता 10वीं/ 12वी एवं कामर्स ग्रेजुएट ट्रेनी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-सीए दिनेश अग्रवाल मेन रोड, विद्या नगर, बिलासपुर 7440969033, 7869354218 (39168)

आवश्यकता है-एक मिस्त्री एवं एक बाई खाना बनाने के लिए और एक बाई झाड़ू पोछा बर्तन धोने केलिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- होटल राज दयालबंद, बिलासपुर (39167)

आवश्यकता है-तिफरा के कंस्ट्रक्शन एण्ड प्रॉपर्टी कम्पनी के लिए 1 मेल साइड इंचार्ज, 1 फील्ड इंचार्ज एवं 1 फीमेल आफिस असिस्टेंट चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7987166040 (39158)

आवश्यकता है-रेडीमेड सूट, साड़ी शोरूम एवं जूता दुकान में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, फोल्डर चाहिए वेतन योग्यतानुसार पता- प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो श्रीराम मार्केट, 8319134866 फैमिली शू मॉल देवकीनन्दन चौक बिलासपुर 8839838695 (39157)

आवश्यकता है-बिलासपुर में घर के लिए एक शाकाहारी खाना बनाने वाली, एक चौकीदार, एक ड्राइवर चाहिए फैमिली वालो को प्राथमिकता, आवास फ्री, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बृजेश अग्रवाल 7999360970, 9755096371 (39162)

आवश्यकता है- इलेक्ट्रीकल्स दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रिपेरिंग साईड कार्य वायरिंग फिटिंग हेतु। रहने की सुविधा सम्पर्क करें- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चंद्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7869102080 (39163)

आवश्यकता है-सफाई कर्मचारी की नियुक्ति चंदखुरी रायपुर में कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन 10000 खाने रहने की सुविधा सम्पर्क करें- 7225888800 (नशेड़ी सम्पर्क न करें) (6974)

आवश्यकता है-होटल के रेस्टोरेन्ट में कार्य करने हेतु अनुभवी जिम्मेदार कैप्टन की आवश्यकता है अनुभव 2 से 4वर्ष वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9977861508 (39170)

आवश्यकता है-थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 (39161)

आवश्यकता है-स्टाफ नर्स बीएससी नर्सिंग, जीएनएम और ओटी टेक्निशियन की आवश्यकता है (होस्टल उपलब्ध) सम्पर्क करें- अमृता हॉस्पिटल, टाटीबंध, रायपुर 7770003286 (6572)

आवश्यकता है-अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सैलरी+ कमीशन+ पेट्रोल सम्पर्क करें- व्यापार विहार, बिलासपुर 6266732985, 9685138652 (346)

आवश्यकता है-औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000/- कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षागार्ड 56 वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, FF-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 77470 00016, 7746000016, 7746000019 (348)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है-लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है अनपढ़ से ग्रेजुएट एयरपोर्ट जॉब हेल्पर, चेकर लोडर, सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, सैलरी 28500 से 48500 रहना, खाने की सुविधा सम्पर्क करें- 9643873512 (1226)

आवश्यकता है-एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं से ग्रेजुएट पास लड़के, लड़कियां वेतन 24500 से 64500 महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना खाना फंड बोनस सम्पर्क करें- 8053979338 (1225)

## भवन निर्माण

भवन निर्माण-सिविल निर्माण परामर्श, पर्यवेक्षण, बिलिंग, अनुमान, परीक्षण एवं बिलिंग ऑडिट कार्य के लिए 28 वर्षों के अनुभव वाले सिविल इंजीनियर से सम्पर्क करें- 7587483116, 8777 73579 Email- ssm2502 bridge@gmail.com (39171)

## बेचना

बेचना है-बिलासपुर गोल्डन पार्क छतौना रोड में हाईकोर्ट से लगा हुआ TNC Rera रजिस्टर्ड कालोनी में 35×52= 1820 वर्गफुट जमीन अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 91098 18177 (39166)

बेचना है-न्यू पिकनिक स्पॉट खोन्धरा, शांत, सुरक्षित, सबसे कम दाम शानदार भवन शादी, पार्टी पिकनिक स्कूल टूर बाटनिकल गार्डन हेतु सम्पर्क करें- सार्थक फार्म स्टे- रमेश 7587298733 (39139)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

बेचना है-जमीन जिले के भविष्य विकसित सीपत में निवेश करें आवासीय डायवर्टेड प्लाट, मकान, दुकान, कृषि भूमि की खरीदी बिक्री हेतु सीधे भूस्वामी से सम्पर्क करें। वाजिब रेट ईमानदारी का सौदा प्रॉपर्टी डीलर भी सम्पर्क करें। फाईनेन्स उपलब्ध राजू एण्ड इमरान प्रापर्टी नवाडीह भूपेन्द्र सम्पर्क- 8349566067 (39140)

बेचना है-हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

बेचना है-2016 की टोयोटा इनोवा क्रिस्टा 2.4V मैनुअल सेकेंड टॉप मॉडल केवल 90000किमी चली गाड़ी बहुत अच्छी रनिंग कंडीशन में बेचना है सम्पर्क करें- 7725043140 (39176)

बेचना है-बिलासपुर न्यू बस स्टैण्ड तिफरा के समीप यदुनन्दन नगर में डबल स्टोरी 3BHK मकान लाल ईट से बना एवं 2400 वर्गफिट का tncp प्लाट बेचना है सम्पर्क करें-7987166040 (39159)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

## बेचना/किराया

बेचना/किराया-मुंगेली नाका बिलासपुर में सर्किट हाऊस के सामने प्रथम तल का 2BHK फ्लैट स्टूडेंट्स एवं बैंक कर्मचारी फैमिली को किराए से देना है/ बेचना है सम्पर्क करें- 9302078011, 7354046205 (39160)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नही कहीं और है।
क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है।
क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं हैं। ये खुरापाती नीम हकीमों से सावधान इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इन्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
मो.- 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

| | |
|---|---|
| शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- | मो. 9993567380, 8770837744 |
| एड प्रयास:- | मो. 9826701269, 9926003943 |
| श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- | मो. 9827168452, 9300625174 |
| रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- | मो. 9826129386, 8319503386 |
| जे.जे. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9300659628 |
| भार्गव एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827167997 |
| श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- | मो. 9826705603 |
| एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827180896, 9131155033 |
| रौनक पब्लिसिटी:- | मो. 9300328290, 9981658490 |
| श्री श्याम पब्लिसिटी:- | मो. 9425540759 |
| अमित पब्लिकेशन:- | मो. 9826304304, 9827124304 |
| विप्रा विज्ञापन सेवा:- | मो. 9302462506 |
| माधवास & कम्पनी:- | मो. 9977185123, 9893115084 |
| बालाजी एडवरटाइजर्स:- | मो. 9827466133, 9907047586 |

# सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी अल्काराज को हराकर रखा एटीपी फाइनल्स का खिताब बरकरार

एजेंसी ▶▶| तूरिन

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपने चिर प्रतिद्वंदी और विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज को 7-6 (4), 7-5 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब बरकरार रखा। यह इस साल पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच छठी भिड़ंत थी।

इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने खिताब का बचाव किया, जो इस वर्ष अल्काराज पर उनकी दूसरी जीत थी। इससे पहले उन्होंने विंबलडन फाइनल में भी इस स्पेनिश खिलाड़ी को हराया था।

## पुरुष टेनिस में दबदबा बनाए रखने वाले दोनों खिलाड़ियों के बीच हुई छठी भिड़ंत

### तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में आमने-सामने रहे दोनों दिग्गज

सिनर और अल्काराज पिछले तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में आमने-सामने रहे हैं। अल्काराज ने सिनर को पांचवें सेट के टाईब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन जीता। सिनर ने विंबलडन में बदला चुकता किया लेकिन अल्काराज अमेरिकी ओपन के फाइनल में फिर से जीत हासिल करने में सफल रहे।



### युगल फाइनल में जीती हेलियोवारा और पैटन की जोड़ी

अल्काराज ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आप (सिनर) अगले साल के लिए तैयार रहोगे क्योंकि मैं आपके खिलाफ और अधिक फाइनल खेलने के लिए तैयार रहूंगा।' इस बीच युगल फाइनल में हैरी हेलियोवारा और हेनरी पैटन ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 7-5, 6-3 से हराया।

### सिनर से 10-6 से आगे अल्काराज

इस साल दो ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सिनर ने कहा, 'यह सत्र अविश्वसनीय रहा। इटली के अपने प्रशंसकों के सामने इस तरह से इसे समाप्त करना मेरे लिए बहुत खास है।' अल्काराज ने पहले ही वर्ष के अंत में नंबर एक रैंकिंग अपने नाम सुरक्षित कर ली थी। वह वर्ष के शीर्ष आठ खिलाड़ियों के बीच खेली गई इस प्रतियोगिता में अपना पहला फाइनल खेल रहे थे। अल्काराज अभी भी सिनर के साथ अपने करियर मुकाबलों में 10-6 से आगे हैं।

### सिया कोलीसी ने अल्काराज-सिन्नर के मुकाबले को बताया ऐतिहासिक

ट्यूरिन में एक तरफ रग्बी के मैदान पर सिया कोलीसी ने दक्षिण अफ्रीका को इटली के खिलाफ 32-14 से जीत दिलाई, वहीं कुछ ही घंटों बाद वे निट्टो एटीपी फाइनल्स में पहुंचे, जहां कार्लोस अल्काराज और सिनर का मुकाबला देखा और इसे ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उनके लिए बेहद खास रहा है। कोलीसी ने माना कि स्पेनिश खिलाड़ी की ताकत और गति वाकई देखने लायक है। गौरतलब है कि कोलीसी की टेनिस खिलाड़ियों से करीबियां नई बात नहीं है। वे पहले भी रोजर फेडरर के साथ कई कार्यक्रमों में साथ देखे जा चुके हैं। कोलीसी ने बताया कि फेडरर से उन्होंने सबसे ज्यादा यह सीखा है कि खेल में मानसिक दृढ़ता कितनी महत्वपूर्ण होती है। एक पॉइंट खोने के बाद तुरंत अगले पॉइंट पर ध्यान लगाना ही असली चैंपियन की पहचान है।

## खबर संक्षेप




### पाकिस्तान ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराया

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 32 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका के बल्लेबाज फिर से अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए और उसकी टीम 45.2 ओवर में 211 रन बनाकर आउट हो गई। सदीरा समरविक्रमा ने 48 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान कुशल मेंडिस ने 34 और पवन रत्नायके ने 32 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद वसीम ने तीन विकेट लिए। पाकिस्तान ने 44.4 ओवर में चार विकेट पर 215 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। उसकी तरफ से मोहम्मद रिजवान (नाबाद 61) और फखर जमां (55) ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाए। उनके अलावा बाबर आजम ने 34 रन का योगदान दिया। हुसैन तलत 42 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मैच में छह रन से और दूसरे मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज की थी।

### टेस्ट क्रिकेट को किया जा रहा बर्बाद : हरभजन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ईडन गार्डन्स जैसी कम तैयार और गेंदबाजों के लिए अत्यधिक अनुकूल पिच को 'टेस्ट क्रिकेट का विनाश' करार देते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति खिलाड़ियों के वास्तविक विकास में बाधा डालती है।



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 30 रनों से हार गया और यह मुकाबला तीन दिन के अंदर ही समाप्त हो गया। हरभजन ने कहा, 'उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि।' उन्होंने कहा, ' उन्होंने जिस तरह का काम किया है, जिस तरह की पिचें इतने वर्षों से बनाई जा रही हैं, मैं उसे देखता आ रहा हूं। कोई इसके बारे में बात नहीं करता क्योंकि जब टीम जीत रही होती है तो सब ठीक लगता है।

### ईस्ट बंगाल महिला टीम ने ईरान को हराया



**वुहान।** सिल्की हेमम, फाजिला इक्वापुट और रेस्टी नानजिरी के गोल की बदौलत ईस्ट बंगाल एफसी ने एएफसी महिला चैंपियंस लीग 2025-26 ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ईरान की टीम बाम खातून एफसी को 3-1 से शिकस्त दी टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में मिली जीत ईस्ट बंगाल का हौसला बढ़ेगा क्योंकि अब टीम के सामने अगले मैच में गत चैंपियन वुहान जियांगडा महिला एफसी की मुश्किल चुनौती होगी। सिल्की ने मैच के चौथे मिनट में ही ईस्ट बंगाल को बढ़त दिला दी। इक्वापुट ने मैच के 32वें मिनट में अमनाह नाबाबी के मिली शानदार पास को गोल में बदलकर इस बढ़त को दोगुना कर दिया।

## रणजी ट्रॉफी : स्मरण ने चंडीगढ़ के खिलाफ खेली 227 रन की नाबाद पारी

# 22 साल के स्मरण का धमाल, फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बनाई तीसरी बार डबल सेंचुरी

### स्मरण को आईपीएल 2026 के लिए सनराइजर्स हैदराबाद ने किया रिटेन

एजेंसी ▶▶| हुबली

रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के 22 साल के बाएं हाथ के बल्लेबाज आर स्मरण ने दूसरा दोहरा शतक जड़ दिया। उन्होंने हुबली में ग्रुप बी के मुकाबले में चंडीगढ़ के खिलाफ 227 रन की नाबाद पारी खेली। यह आर स्मरण का इस सीजन में दूसरा दोहरा शतक रहा। उनकी इस पारी से कर्नाटक ने आठ विकेट पर 547 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। स्मरण के अलावा करुण नायर ने 95, श्रेयस गोपाल ने 62 और शिखर शेट्टी ने 59 रन बनाए।

बल्लेबाज स्मरण जब बल्लेबाजी को उतरे तब कर्नाटक की टीम तीन विकेट पर 64 रन के स्कोर पर जूझ रही थी। उन्होंने नायर के साथ 119 रन की साझेदारी की। इससे कर्नाटक की टीम मुकाबले में वापसी हुई। नायर के आउट होने के बाद स्मरण ने एक छोर थाम लिया और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 343 गेंद में 15 चौकों व एक छक्के की मदद से दोहरा शतक पूरा किया। यह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनकी कुल तीसरी डबल सेंचुरी रही।




### स्मरण 12 मैच में ठोक चुके हैं तीन दोहरे शतक

स्मरण ने पिछले सीजन कर्नाटक के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। अभी तक 12 मैच इस फॉर्मेट में खेले हैं और कुल चार शतक व तीन अर्धशतक उनके नाम हैं। चार शतकों में से तीन तो दोहरे शतक हैं। उन्होंने पहली डबल सेंचुरी पंजाब के खिलाफ जनवरी 2025 में लगाई थी। इसके बाद नवंबर 2025 में वर्तमान सीजन के तीसरे राउंड में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन की पारी खेली। अब चंडीगढ़ के खिलाफ पांचवें राउंड में भी दोहरा शतक बनाया। इसमें उन्होंने 16 चौके व दो छक्के लगाए।

### स्मरण को सनराइजर्स ने किया था रिटेन

स्मरण को पिछले आईपीएल सीजन के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद ने इंजरी रिप्लेसमेंट को तौर पर लिया था। हालांकि खेलने का मौका नहीं मिला लेकिन उन्हें आईपीएल 2026 के लिए रिटेन किया गया है। फ्रेंचाइज के इस दांव को सही कहा जा रहा है क्योंकि स्मरण को काफी प्रतिभाशाली कहा जा रहा है। उनकी टी20 में स्ट्राइक रेट 170 की है। अभी तक इस फॉर्मेट में उन्होंने छह मैच खेले हैं और एक फिफ्टी से 170 रन बनाए हैं।

### गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने खड़ा किया पहाड़ जैसा स्कोर

रणजी ट्रॉफी के पांचवें चरण के मुकाबले में गोवा के खिलाफ सौराष्ट्र ने पहली पारी में सात विकेट पर 585 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। सौराष्ट्र को इस स्कोर तक पहुंचाने में टीम के बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ और समर गज्जर की शतकीय पारी के अलावा गोवा के ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर तथा दर्शन मिसाल का भी बड़ा योगदान रहा। सौराष्ट्र के खिलाफ गोवा के तेज गेंदबाज अर्जुन तेंदुलकर ज्यादा प्रभावी नहीं रहे, जबकि दर्शन मिसाल बल्लेबाजों की रफ्तार पर लगाम लगाने में नाकाम रहे। अर्जुन तेंदुलकर ने जहां 29 ओवर में 145 रन लुटाए। वहीं दर्शन मिसाल ने 46 ओवर में 195 रन दिए। दर्शन मिसाल तो चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने में भी सफल रहे, जबकि अर्जुन तेंदुलकर सिर्फ एक विकेट ही चटका पाए। गोवा के लिए कौशिक और मोहित रेडकर ने भी एक-एक सफलता हासिल की। सौराष्ट्र के मध्यक्रम के बल्लेबाज प्रेरक ने शानदार पारी खेलते हुए 4 छक्के और 18 चौकों की मदद से 155 रन बनाए। समर गज्जर ने भी 14 चौके और एक छक्के की मदद से 168 गेंद में 116 रन की पारी खेली। हेतविक कोटक 50 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी 119 गेंद की पारी में छह चौके लगाए। पार्थ भट 26 रन बनाकर आउट हुए। धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने 15 रन बनाकर नाबाद रहे। टीम का स्कोर जब 150 ओवर में 7 विकेट पर 585 रन था, तभी सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट ने पारी समाप्ति की घोषणा की।

## निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप

# गोल्ड से चूके गुरप्रीत, जीता रजत तीसरे स्थान पर रहा भारत



एजेंसी ▶▶| काहिरा

ओलंपियन गुरप्रीत सिंह पुरुषों की 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल स्पर्धा में विश्व चैंपियन बनने के बेहद करीब पहुंच गए थे लेकिन यहां ओलंपिक निशानेबाजी रेंज में यूक्रेन के पावलो कोरोस्टाइलोव से इनर 10 (10 अंक का अंदरुनी हिस्सा) के आधार पर हारने के बाद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह विश्व चैंपियनशिप में गुरप्रीत का दूसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने इससे पहले 2018 में चांगवोन में 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में ही रजत पदक जीत था। भारत तीन स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य सहित कुल 13 पदक के साथ चीन और दक्षिण कोरिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा। चीन ने 12 स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल 21 पदक जीते। दक्षिण कोरिया ने सात स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य पदक से दूसरा स्थान हासिल किया।

### गुरुप्रीत ने प्रिसिजन और रेपिड चरणों में जुटाए थे कुल 584 अंक

गुरप्रीत ने दो दिन की प्रतियोगिता में प्रिसिजन और रेपिड चरणों में कुल 584 अंक जुटाए, जिसमें 18 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में रहे। कोरोस्टाइलोव ने 29 निशाने 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में मारे। उन्होंने अंतिम रेपिड दौर में 100 का परफेक्ट स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। गुरप्रीत प्रिसिजन चरण के बाद 288 अंक (95,97,96) के साथ नौवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दिन वापसी करते हुए रेपिड चरण में 296 (98,99,99) का शानदार स्कोर बनाकर रजत पदक जीता। प्रिसिजन चरण के बाद 291 अंक के साथ शीर्ष रह मौजूद रहे यूक्रेन के निशानेबाज ने रेपिड चरण में 293 अंक हासिल करके गुरप्रीत के स्कोर की बराबरी की और 10 अंक के अंदरुनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकर खिताब जीता। प्रिसिजन चरण में हरप्रीत सिंह 291 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए पदक की दौड़ में थे लेकिन रेपिड चरण में 286 अंक ही बना पाए और नौवें स्थान पर रहे।

## बधिर ओलंपिक

# अनुया ने जन्मदिन पर विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, जीता गोल्ड



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा अनुया प्रसाद और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने तोक्यो में चल रहे बधिर ओलंपिक में महिलाओं की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक हासिल किया। अनुया ने अपने जन्मदिन पर बधिर फाइनल विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया जबकि प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड तोड़कर फाइनल में जगह बनाई थी। पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल में अभिनव देशवाल ने क्वालीफिकेशन विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की और रजत पदक जीता।

### भारत के निशानेबाजी में सात पदक



भारत के दूसरे दिन निशानेबाजी में सात पदक हो गए हैं। हैदराबाद में ओलंपियन गगन नारंग की अकादमी में प्रशिक्षण लेने वाले धनुष श्रीकांत ने रविवार को 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। अनुया ने क्वालीफिकेशन दौर में 564 स्कोर करके तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। वहीं प्रांजलि ने क्वालीफिकेशन में नया रिकॉर्ड बनाते हुए 572 स्कोर किया था। उन्नीस वर्ष की अनुया ने फाइनल में 241.1 स्कोर करके पीला तमगा जीता । इससे पहले हनोवर में पिछले साल उन्होंने बधिर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। ईरान की माहला सामी को कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में 2022 बधिर ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव देशवाल ने 235.2 स्कोर करके रजत पदक जीता। कोरिया के ताए यंग किम वोन ने 238.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। क्रोएशिया के बोरिस ग्रामनियाक को कांस्य पदक मिला।

### लक्ष्य और प्रणय पेश करेंगे चुनौती सात्विक-चिराग पर रहेगी निगाह

**सिडनी।** भारत के एकल खिलाड़ी जब अपने प्रदर्शन में निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं तब एक बार फिर सभी की निगाहें सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष युगल जोड़ी पर टिकी रहेगी, जो 18 नवंबर से शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सत्र का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन का पहला मुकाबला चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई से होगा। वहीं चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने की कोशिश करेंगे।



**ली यांग से लक्ष्य का पहला मुकाबला :** लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन के सेमीफाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उनका पहला मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। प्रणय की इस टूर्नामेंट में पिछले साल उपविजेता रहे थे लेकिन फिलहाल वह भी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# राजस्थान रॉयल्स के निदेशक संगकारा को मिली मुख्य कोच की भी जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ के मुख्य कोच पद से हटने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा को 2026 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपना मुख्य कोच नियुक्त किया। द्रविड़ ने इस साल अगस्त में फ्रेंचाइजी छोड़ दी थी। संगकारा 2021 से फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक रहे हैं। वह 2021 से 2024 तक मुख्य कोच की भूमिका भी निभा रहे थे।

राजस्थान रॉयल्स ने कहा 'क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा आईपीएल 2026 के लिए मुख्य कोच के रूप में भी कार्यभार संभालेंगे।' पूर्व भारतीय कप्तान द्रविड़ का कार्यकाल अचानक समाप्त हो गया, जो 2025 में लंबी अवधि के अनुबंध के साथ फ्रेंचाइजी में लौटे थे। टी20 विश्व कप विजेता पूर्व राष्ट्रीय कोच ने इस साल की शुरुआत में टीम के खराब प्रदर्शन की 'संरचनात्मक समीक्षा' के बाद पद छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स का पिछले सत्र में प्रदर्शन बेहद खराब रहा था तथा उसकी टीम 10 टीमों के इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में से केवल चार जीत के साथ नौवें स्थान पर रही थी। राजस्थान रॉयल्स ने पिछले सत्र तक अपने कप्तान रहे संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड किया है। इसके बदले में उसने रविंद्र जडेजा को अपनी टीम में शामिल किया है।



## 2026 में अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होगा फीफा विश्व कप

# हालंद ने दिलाया नॉर्वे को 28 साल बाद विश्व कप का टिकट

एजेंसी ▶▶| लिस्बन

एर्लिंग हालंद के दो शानदार गोलों की बदौलत नॉर्वे ने इटली को 4-1 से हराकर 1998 के बाद पहली बार फुटबॉल विश्व कप में जगह बना ली। दूसरी ओर, अफ्रीका में हुए निर्णायक मुकाबले में कांगो ने नाइजीरिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 2026 विश्व कप की दौड़ से बाहर कर दिया। फीफा विश्व कप 2026 में 48 टीमें हिस्सा लेंगी।

### नॉर्वे ने अपने ग्रुप में जीते सभी मैच, हासिल किए 24 अंक

मिलान के मशहूर मैदान में हुए मुकाबले में नॉर्वे को विश्व कप में पहुंचने के लिए भारी हार से बचना था, लेकिन टीम ने इसके बजाय अपने ग्रुप में सभी मैच जीतकर 24 अंक हासिल किए। हालंद ने 78वें और 79वें मिनट में लगातार दो गोल दागे। अब तक पूरे अभियान में हालंद ने 16 गोल किए, जो यूरोप में सबसे अधिक हैं। नॉर्वे के कोच स्टेल सोलबेक्कन ने कहा, 'हमने अपना काम शानदार तरीके से पूरा किया है, अब आगे की रणनीति तय होगी।' बता दें कि 1998 में जब नॉर्वे विश्व कप खेला था, तब हालंद के पिता टीम का हिस्सा थे।



### इटली को अब प्ले-ऑफ सहारा

इटली के लिए यह हार बेहद निराशाजनक रही। 11वें मिनट में इटली ने गोल किया, लेकिन इसके बाद 63वें मिनट में नुसा ने बराबरी की। उसके बाद हॉलैंड ने दो गोल दागे। इंजरी समय में नॉर्वे के जॉर्गन लार्सन ने चौथा गोल ठोक दिया। इससे इटली लगातार तीसरी बार विश्व कप से बाहर होने के कगार पर खड़ा है। टीम 2018 और 2022 में भी फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी।

### अब तक कुल 32 टीमें कर चुकी हैं क्वालिफाई

**मेजबान देश :** कनाडा, मेक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका
**एशिया :** ऑस्ट्रेलिया, ईरान, जापान, जॉर्डन, कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, उज्बेकिस्तान
**अफ्रीका :** अल्जीरिया, केप वर्ड, मिस्र, घाना, आइवरी कोस्ट, मोरक्को, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, ट्यूनीशिया
**यूरोप :** क्रोएशिया, इंग्लैंड, फ्रांस, नॉर्वे, पुर्तगाल
**ओशिनिया :** न्यूजीलैंड
**दक्षिण अमेरिका :** अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर, पराग्वे, उरुग्वे





# अब नहीं बच पाएंगे पानी-खाने में छिपे हुए दुश्मन

**नई दिल्ली।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास, पंजाब यूनिवर्सिटी की रिसर्चर्स टीम ने शानदार खोज की है। रिसर्चर्स की इस टीम ने एक पोर्टेबल, ऑटोमेटेड ऑप्टिकल डिवाइस बनाया है, जो पानी, खाना और पर्यावरण में कीटनाशक अवशेषों की बेहद कम सांद्रता का पता लगा सकता है। यह कीटनाशक अवशेष इंसान और वातावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। ऐसे अवशेषों का पता लगाने के लिए पारंपरिक लैबोरेटरी तरीके, खास तौर से इस्तेमाल किया जाने वाला ऑर्गेनोफॉस्फेट मैलाथियान, महंगी और समय लेने वाले हैं। और इनके लिए बेहद अनुभवी कर्मचारियों की जरूरत पड़ती है।

### लाल से नीला हो जाता है रंग

इसके मिलने से रंग बदलकर लाल से नीला हो जाता है, जिससे पता चलता है कि इसमें पेस्टिसाइड्स मौजूद हैं। उपकरण में जो ऑप्टिकल सिस्टम लगा है, वह इसे सटीकता से मापता है। टीम ने कहा, इस ऑटोमैटिक प्रोसेस से मैनुअल हैंडलिंग की जरूरत खत्म हो जाती है और इससे जल्द और सटीक नतीजे मिलते हैं। यह नतीजे जर्नल रिव्यू ऑफ साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स में पब्लिश हुए हैं। आईआईटी मद्रास के एप्लाइड मैकेनिक्स एंड बायोमैडिकल इंजीनियरिंग की प्रो. सुजाता नारायणन उन्नी ने बताया, 'यह तकनीक काफी उपयोगी साबित हो सकती है।



### वैज्ञानिकों ने बनाया नया डिवाइस

साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट ने अपने टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट एंड ट्रांसफर प्रोग्राम के तहत इस नई रिसर्च को अंजाम दिया है। यह नया डिवाइस किसी भी जगह तैनात किया जा सकता है, यूजर फ्रेंडली है, जो कीटनाशक अवशेष के बारे में रियल टाइम डेटा देता है। नया स्मार्ट एमडीडी डिवाइस एक कलरमेटिक डिटेक्शन सिस्टम है, जिसमें गोल्ड नैनोपार्टिकल्स होते हैं। साथ ही, इसमें एक एप्टामर मॉलिक्यूल भी शामिल है जिसे मैलाथियान को खास तौर से पहचानने के लिए डिजाइन किया गया है।

### डिवाइस पर क्या बोले वैज्ञानिक?

उन्नी ने आगे कहा, 'यह जल निकायों में कीटनाशकों के फ्लो पर नजर रखने में भी मदद कर सकता है, जो पर्यावरण के लिहाज से बड़ी चिंता है।' टीम ने लगभग 250 पिकोमोलर की पहचान की और इनके स्पेक्ट्रोफोटोमीटर नतीजों के साथ संबंधों को जांचा-परखा. ऐसे माप जो पोर्टेबल उपकरणों में शायद ही कभी देखे जाते हैं। वर्तमान में इसका लैब में टेस्ट किया जा रहा है। जल्द ही ये उपकरण फलों, सब्जियों और खेत के पानी के स्रोतों के नमूनों को जांचने में काम आएगा. पंजाब यूनिवर्सिटी के कैमिकल साइंस डिपार्टमेंट और कैमिस्ट्री में एडवांस्ड स्टडी सेंटर के डॉ. रोहित कुमार शर्मा ने बताया, 'हम कीटनाशकों की एक बड़ी सीरीजका पता लगाने के लिए इस प्लेटफॉर्म का विस्तार करने की योजना बना रहे हैं, जिससे स्थायी कृषि प्रबंधन और पर्यावरण निगरानी में इसकी भूमिका और मजबूत होगी।'

# बेहद खूबसूरत और अद्भुत हैं भारत की ये इमारतें, 1000 साल पहले हुआ था निर्माण

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में अपनी प्राचीन स्थापत्य कला और धरोहरों के लिए मशहूर है। देश में कई ऐतिहासिक स्मारक 1000 साल से भी पुराने हैं, लेकिन अभी भी वह मजबूती से खड़े हैं। यह इमारतें वास्तुकला की मिसाल मानी जाती है। इसके साथ ही देश के इतिहास और संस्कृति की झलक भी दर्शाती हैं। आज हम आपको भारते के कुछ ऐतिहासिक स्मारकों के बारे में बताते हैं, जिनकी खूबसूरती आज भी बरकरार है।

### सांची स्तूप



मौर्य सम्राट अशोक ने सांची स्तूप का तीसरी शताब्दी में निर्माण कराया था। यह दुनिया के सबसे पुराने और प्रसिद्ध बौद्ध स्मारकों में शामिल है। विशाल गुंबद बुद्ध के अवशेष को सजोकर रखे हुए हैं और इसकी चारों दिशाओं में बने खूबसूरत तोरण पत्थर की अद्भुत नक्काशी के लिए जाने जाते हैं।

### शोर मंदिर



महाबलीपुरम तमिलनाडु में शोर मंदिर स्थित है। यह भारत की उन ऐतिहासिक इमारतों में से एक है, जो 1000 साल पहले बनी थीं। आठवीं शताब्दी में पल्लव राजा नरसिंहवर्मन द्वितीय ने शोर मंदिर को बनवाया था। बंगाल की खाड़ी के किनारे स्थित यह मंदिर द्रविड़ शैली की प्राचीन वास्तुकला को दिखाता है।

### कैलासा मंदिर



एलोरा की गुफाओं में कैलासा मंदिर स्थित है, जिसका आठवीं शताब्दी में निर्माण हुआ था। इसे एक ही चट्टान को तराश कर ऊपर से नीचे की ओर बनाया गया था। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसे इसके रहस्य और कला के लिए दुनिया भर में जाना जाता है।

### बृहदेश्वर मंदिर



राजराजा चोल प्रथम ने तमिलनाडु का बृहदेश्वर मंदिर का 1010 ईस्वी में निर्माण कराया था। यह मंदिर पूरी तरह ग्रेनाइट से बना है। 200 फीट ऊंचा यह विशाल मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसके शीर्ष पर एक ही पत्थर से बनी 80 टन वजन की शिला रखी है।

### खजुराहो समूह



चंदेला वंश ने 950 से 1050 ई के बीच खजुराहो समूह के मंदिरों को बनवाया था। यह अपनी अद्भुत मूर्ति कला और शिल्प कला के लिए मशहूर हैं। यहां की नक्काशी में देवी-देवताओं, नृत्य कला और जीवन के विविध पहलुओं की बड़ी कलात्मक तरीके से दिखाया गया है।

### लिंगराज मंदिर



11वीं शताब्दी में लिंगराज मंदिर का निर्माण हुआ था। यह भगवान शिव को समर्पित है। कलिंग शैली में बनाया गया यह मंदिर लगभग 180 फीट ऊंचा है। इसके चारों ओर कई छोटे-छोटे मंदिर भी बने हुए हैं।

## दुनियाभर में छिड़ गई बहस

# समुद्र की गहराई में दिखा विशालकाय रहस्यमयी जीव



**न्यूयार्क।** कैलिफ़ोर्निया के मोंटेरे बे में एक अनुभवी समुद्र गोताखोर ने एक ऐसे विशालकाय समुद्री जीव को देखा है, जिसे अभी तक कभी किसी ने नहीं देखा है, ना ही इसके बारे में कभी किसी ने सुना ही होगा। इस रहस्यमयी जीव को कैमरे में कैप्चर कर लिया गया है, जिसके बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिक बहस छिड़ गई है।

**गोताखोर ने देखा समुद्री जीव**

### क्या है ये पूरा मामला

बता दें कि 42 वर्षीय मरीन हॉबीइस्ट, डेनियल रेयेस, सबमरीन कैन्यन के पास रीफ़ की सामान्य गतिविधियों को फिल्मा रहे थे, तभी एक विशाल, सर्पाकार आकृति फ्रेम में तैरती हुई नजर आने लगी जिसने उन्हें हैरान करके रख दिया, क्योंकि इस आकृति को उन्होंने पहले कभी भी नहीं देखा था और ना ही कहीं भी इसके बारे में सुना था। उस जीव की हरकतें ऐसी थीं मानो वो बहुत ही समझदार हो।

### ज्ञात प्रजाति से मेल नहीं खाता है यह जीव

इस क्लिप की समीक्षा कर रहे समुद्री जीव विज्ञानियों का कहना है कि यह जीव गहरे समुद्र के सेफलोपोड्स, जैसे ऑक्टोपस/स्क्वीड और बड़े पेलजिक शिकारियों दोनों की विशेषताएं दिखाता है, फिर भी यह रिकॉर्ड पर मौजूद किसी भी ज्ञात प्रजाति से मेल नहीं खाता है। रिपोर्ट के अनुसार, मोंटेरे बे एक्वेरियम रिसर्च इंस्टीट्यूट ने इस फुटेज और जीव का आधिकारिक विश्लेषण शुरू कर दिया है।

# भारत का ऐसा गांव, जहां रहते हैं सिर्फ अफ्रीकी, बोलते हैं धाकड़ हिंदी!

**नई दिल्ली।** भारत एक बेहद विशाल देश है। यहां अलग-अलग धर्म के लोग रहते हैं। लोगों की भाषा, खानपान सब अलग है। विविधता में एकता की मिसाल है भारत. लेकिन इस



देश में ऐसी कुछ जगहें हैं, जो खास कारण से चर्चा में रहती है। ऐसा ही एक गांव इन दिनों चर्चा में है। ये गांव है भारत के गुजरात में, जिसका नाम है जंबूर। इस गांव में घुसते ही एक बार के लिए आपको ऐसा लगेगा जैसे आप अफ्रीका में आ गए हैं। इस गांव की ज्यादातर जनसंख्या अफ़्रीकी मूल की है। लेकिन, अब सालों तक भारत में रहने के कारण ये भारतीयों की जीवनशैली में रच-बस गए हैं। जंबूर गांव गुजरात के अहमदाबाद जिले में स्थित है। यह गांव करीब 20-25 साल पहले सुर्खियों में आया था जब अफ्रीकी देशों से लोग यहां बसने लगे थे। ज्यादातर लोग नाइजीरिया, घाना, केन्या और अन्य अफ्रीकी देशों से हैं। ये लोग शुरुआत में व्यापार, शिक्षा या नौकरी के सिलसिले में भारत आए थे।

### बेहद अनोखा है गांव

इस गांव में स्थानीय गुजराती परिवार तो हैं, लेकिन अब वो अल्पसंख्यक हो चुके हैं। गांव की गलियों में घूमते हुए आपको काले चेहरे, अफ्रीकी स्टाइल के कपड़े और जोरदार हंसी-मजाक सुनाई देगा। लेकिन, जैसे ही आप उनकी आवाज सुनेंगे, हैरान रह जाएंगे। इनकी हिंदी इतनी धाकड़ है कि ऐसा लगेगा जैसे कोई लोकल ठेकेदार बोल रहा है। सबसे मजेदार बात यह है कि ये अफ्रीकी लोग भारतीय आदतों में पूरी तरह रच-बस गए हैं। सुबह उठते ही चाय की चुस्की, गुटका चबाना, पान की दुकान पर गपशप करना, ये सब इनकी डेली लाइफ का हिस्सा है।

### ये है कमाई का जरिया

इस गांव की अर्थव्यवस्था भी अनोखी है। ज्यादातर अफ्रीकी लोग छोटे-मोटे व्यापार करते हैं। कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल एक्सेसरीज का कारोबार चलाते हैं। कुछ लोग डायमंड पॉलिशिंग इंडस्ट्री में काम करते हैं, जो गुजरात की खासियत है। महिलाएं घर संभालती हैं और बच्चे लोकल स्कूलों में पढ़ते हैं। स्कूल में हिंदी, गुजराती और अंग्रेजी पढ़ाई जाती है, इसलिए बच्चे तीन भाषाओं में महारत रखते हैं। गांव में एक मंदिर है, जो सबसे अधिक चर्चा में रहती है। दरअसल, इस मंदिर में ही एक मजार भी है। खास मौकों पर ये लोग अपने अफ्रीकन कल्चर का दिखावा भी करते हैं। उनका लोकल डांस देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं।

# इस रहस्यमयी किताब को आज तक कोई नहीं पढ़ पाया

**लंदन।** दुनिया रहस्यों से भरी पड़ी है। कुछ रहस्यों को तो इंसानों ने सुलझा लिया है, लेकिन अभी भी कई ऐसे रहस्य मौजूद हैं, जिन्हें सुलझाना लगभग नामुमकिन है। कुछ ऐसा ही रहस्य एक



किताब का है, जिसमें 240 पन्ने हैं। इसके बारे में कहा जाता है कि इसे आज तक कोई भी पढ़ नहीं पाया है।

इतिहासकारों के मुताबिक, यह रहस्यमयी किताब 600 साल से भी अधिक पुरानी है। कार्बन डेटिंग से पता चला है कि इसे 15वीं सदी में लिखा गया है। इस किताब को हाथ से लिखा गया है, लेकिन क्या लिखा हुआ है और कौन सी भाषा में लिखा हुआ है, यह आज तक कोई नहीं समझ पाया है। यह किताब एक अनसुलझी पहेली की तरह है। इसे 'वॉयनिक मैनुस्क्रिप्ट' नाम दिया गया है। इस किताब में इंसानों से लेकर पेड़-पौधों तक के कई चित्र बनाए गए हैं।

### वॉयनिक मैनुस्क्रिप्ट है किताब का नाम

वॉयनिक मैनुस्क्रिप्ट नाम की इस किताब में सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि इस किताब में कुछ ऐसे भी पेड़-पौधों के चित्र बनाए गए हैं, जो धरती पर मौजूद किसी भी पेड़-पौधे से एकदम मेल नहीं खाते हैं। इस किताब का नाम 'वॉयनिक मैनुस्क्रिप्ट' इटली के एक बुक डीलर विलफ्रीड वॉयनिक के नाम पर रखा गया है। माना जाता है कि उन्होंने ही इस रहस्यमयी किताब को साल 1912 में कहीं से खरीदा था।

### कुछ शब्द हैं लैटिन और जर्मन भाषा में

बताया जाता है इस रहस्यमयी किताब में कई पन्ने हुआ करते थे, लेकिन समय के साथ इसके कई पन्ने खराब हो गए। फिलहाल इसमें सिर्फ 240 पन्ने ही बचे हैं। इस किताब के बारे में कुछ खास तो पता नहीं चल पाया है, लेकिन इतना जरूर पता चला है कि किताब में लिखे गए कुछ शब्द लैटिन और जर्मन भाषा में हैं। कई लोगों का मानना है कि इस किताब को इस तरह लिखा गया है कि इसके रहस्य को छिपाया जा सके। अब वो रहस्य क्या है, ये तो किताब लिखने वाला ही जानता होगा या हो सकता है कि आने वाले वक्त में इस किताब को पढ़ा जा सके।







# चाय बनाने की निंजा टेक्निक देख घूमा लोगों का सिर, कुकर सीटियां लगा कर पकाई चाय

**नई दिल्ली।** चाय हमारे देश में केवल एक पेय नहीं बल्कि जज्बात है, इमोशन है और सुख-दुख का साथी भी है। इसे अलग-अलग लोग कई अलग-अलग तरीके से बनाते हैं। कोई पहले चाय पत्ती डाल कर उबालता है तो कोई दूध के साथ ही चीनी और चायपत्ती ऐड कर देता है। लेकिन, इन दिनों चाय बनाने की एक निंजा तकनीक वायरल हो रही है, जिसे देख आपका सिर भी चकरा जाएगा। आपने शायद ही कभी किसी को इस तरीके से चाय बनाते देखा हो। वीडियो में एक शख्स कुकर में चाय बनाता नजर आ रहा है। शख्स सबसे पहले एक कुकर में पानी के साथ चीनी चाय पत्ती और अदरक



डालता है। फिर एक कप से दूध कुकर में डाल देता है। इसके बाद वह कुकर का ढक्कन लगा देता है और गैस पर चढ़ा देता है। कुकर में दो सीटियां आने पर गैस बंद कर देता है और फिर चाय बनकर तैयार हो जाती है। वह चाय को खोलकर दिखाता है और कप में छानकर सर्व भी करता है। वीडियो को कैप्शन देते हुए लिखा है, देख बहन इतने दिनों से हमलोग गलत तरीके से चाय बना रहे हैं। वीडियो पर लोग मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने चुटकी लेते हुए लिखा, अरे अभी गली नहीं है, 4 सीटी और लगाओ। दूसरे ने लिखा, कुकर धोने में हालत खराब होती है, दिन में 10 बार कौन धोएगा। वहीं एक ने लिखा, ये तो शरीफ कुकर है, मेरा कुकर तो अपने ऊपर चाय का फेशियल कर लेता. एक अन्य ने लिखा, जितने देर में कुकर सीटी देगा, उतने देर में तो दो बार चाय बनाकर पी लेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com